तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 1 सितंबर, 2025





09 संगठन सर्वोपरि, कांग्रेस सभी वर्ग के हित की लड़ाई लड़ रही : बघेल




# कलेक्टर का आदेश फेल, बिना हेलमेट धड़ल्ले से मिल रहा पेट्रोल

## तीन दिनों से चल रहे अभियान की उड़ रही धज्जियां, पुलिस पेट्रोल पंप में भी पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

हेलमेंट ना पहनने से सड़क दुर्घटना में बढ़ी मौतों की संख्या को कम करने दुर्ग एसएसपी के प्रयास से दुर्ग कलेक्टर ने नो हेलमेट नो पेट्रोल का आदेश तो जारी कर दिया, लेकिन उनके आदेश का पालन होता किसी भी पेट्रोल पंप में नहीं दिख रहा है। पंप संचालक बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं का बोर्ड तो लगाकर रखे हैं, लेकिन अपनी आमदनी बढ़ाने की होड़ में उस आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं।

ट्रैफिक रूल के मुताबिक हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाना जरूरी है। ये हम सभी जानते हैं लेकिन कुछ युवा हेलमेट पहनने से कतराते हैं। यह नियम सख्ती से लागू हो इसके लिए कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह ने बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने का आदेश जारी किया है, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। हालत तो यह है कि टिवनसिटी में स्थित पुलिस पेट्रोल पंपों में भी इस आदेश का पालन हीं हो रहा है। वहां भी बिना हेलमेट के भी वाहन चालकों को पेट्रोल दिया जा रहा है।



शहर के पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल लेने पंप में जाएंगे तो पेट्रोल नहीं मिलेगा। ऐसा जिला पुलिस व प्रशासन ने अभियान चला रखा है।

ट्रैफिक पुलिस की पहल पर टिवनसिटी क्षेत्रों में करीब 70 से अधिक पेट्रोल पंपों संचालित हैं। नए नियम के तहत अगर दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के पेट्रोल खरीदना चाहेगा तो उसे नहीं मिलेगा। सड़क हादसों को रोकने और लोगों की जान बचाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर सरकार और आम आदमी दोनों चिंतित हैं। समय समय पर अभियान चलाकर लोगों को हेलमेट पहनने की हिदायत भी दी जाती है। बावजूद इसके लोग हेलमेट पहनने से कतराते हैं। कई लोगों की दलील होती है कि वो बस दो मिनट के लिए ही बगल में जा रहे हैं। ऐसी दलील देकर वो हेलमेट नहीं लगाते हैं।

### प्रतिदिन बिना हेलमेट के पंप में दो पहिया वाहन

| | |
|---|---|
| भिलाई-चरोदा | 100 |
| भिलाई | 300 |
| दुर्ग | 350 |

### पंप संचालको से किया आग्रह

बीते दिनों जिला प्रशासन ने जनहित का हवाला देकर सभी पेट्रोल पंप संचालकों से नया नियम बनाने का आग्रह किया। नियम को लागू करने के पहले दिन सभी पेट्रोल पंपों को कलेक्टर ने आदेश भी जारी किया है। टाउनशिप के अलग-अलग पेट्रोल पंपों पर जाकर दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर ही पेट्रोल लेना होगा। लेकिन कई पेट्रोल पंप ऐसे है जहां बिना हेलमेट के पेट्रोल दिया जा रहा है।

### हादसों में आएगी कमी



पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवा रहे बाइक चालक विक्की कौशल ने बताया कि जिला प्रशासन का नो हेलमेट नो पेट्रोल का आदेश काफी अच्छा है। सड़क हादसे में हेलमेट का उपयोग करने से कई लोगों की जान बच जाएगी। इसके अलावा अपराध करके भागने वालों के लिए भी शिकंजा साबित होगा। बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप देने वालो के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम घोरारी में रानीतराई पुलिस ने दबिश देकर आरोपी ग्राम घोरारी निवासी लोकेश कुमार बंजारे को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 38 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है।

### धारदार चाकू से धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार चाकू लेकर युवकों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई दशहरा मैदान के पास एक युवक धारदार हथियार लेकर उसे लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा था। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नेवई बस्ती निवासी देवेंद्र निर्मलकर बताया है।



### बाइक चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले दो अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा है। रुआबांधा भिलाई नगर में बिना नंबर की बाइक में सवार होकर दो अपचारी बालक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर थाना भिलाई तीन के पुरैना क्षेत्र से बाइक पार करना स्वीकार किया है। वैशाली नगर से पेट्रोल खत्म होने से एक बाइक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सीजी 07 बीजे 5041, सीजी 04 एनएल 5342 को जब्त किया गया है।

## पिछले पांच साल में 50 प्रतिशत घटे तकनीकी कर्मचारी

# बिजली विभाग में महज 399 तकनीकी कर्मचारियों के भरोसे 8.5 लाख उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

आए दिन बिजली बंद होने और शिकायतों का निराकरण तत्काल नहीं होना आम उपभोक्ताओं की शिकायत रही है। । चौंकाने वाली बात यह है कि दुर्ग विद्युत वितरण केंद्रों में 8.5 लाख उपभोक्ता महज 399 तकनीकी कर्मचारियों के भरोसे हैं। पिछले पांच साल में तकनीकी कर्मचारियों की संख्या आधी यानी 50 प्रतिशत ही रह गई है। वर्ष 2020 जनवरी में 787 तकनीकी कर्मचारी काम करते थे। राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने नई भर्ती नहीं की और कमचारी हर महीने रिटायर हो रहे हैं।



### अकुशल कर्मियों के भरोसे चल रहा बिजली का काम

**पहला :** विद्युत वितरण कंपनी का जो कार्य तकनीकी कर्मचारी करते रहे हैं वे इन दिनों अकुशल कर्मियों के भरोसे चलाया जा रहा है। बिजली लाइन खींचना, नया पोल लगाना और यहां तक ट्रांसफार्मर जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए भी ठेके चल रहे हैं। नतीजा यह हो रहा है कि ठेका एजेंसी अकुशल कर्मियों को इन कार्यों में लगा दिया है।

**दूसरा :** विद्युत वितरण केंद्रों में शिकायत केंद्र भी ठेके पर चल रहे हैं। यानी मेंटनेंस का काम भी अकुशल हाथों में चला गया है। उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं शिकायत दर्ज करने वाला व्यक्ति उपभोक्ताओं से यही कहता मिलेगा कि स्टॉफ नहीं है। कितने समय में वह शिकायतकर्ता के क्षेत्र में पहुंचेगा वह भी जानकारी नहीं दे पाता। मेंटनेंस करने आते हैं तो काफी देर बाद फाल्ट उन्हे समझ में आता है।

### विद्युत विभाग में कार्यरत तकनीकी स्टॉफ की वर्तमान स्थिति

| पद | कार्यरत |
|---|---|
| कनिष्ठ पर्यवेक्षक (लाइन) / लाईन पर्यवेक्षक श्रेणी-3 | - 00 |
| कनिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) / परीक्षण पर्यवेक्षक श्रेणी-द | - 13 |
| लाइन सहायक श्रेणी-एक | - 15 |
| लाइन सहायक श्रेणी-दो | - 102 |
| लाइन परिचारक श्रेणी-एक | - 79 |
| तकनीकि (वितरण) | - 77 |
| परीक्षण सहायक श्रेणी-एक | - 21 |
| परीक्षण सहायक श्रेणी-दो | - 38 |
| लाइन परिचारक (प्रशिक्षु) अनुकंपा | - 02 |
| लाइन परिचारक (संविदा) | - 23 |
| लाइन परिचारक श्रेणी-दो | - 21 |
| लाइन परिचारक श्रेणी-दो (प्रशिक्षु) अनुकंपा | - 02 |
| लाइन परिचारक श्रेणी-तीन | - 06 |
| कुल कार्यरत | 399 |

### इन उदाहरणों से समझिए उपभोक्ताओं की दिक्कत

**केस वन:** उतई विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर, वेदांत नगर सहित दर्जनभर कालोनी हैं। इस केंद्र के अंतर्गत पुरई, पाउवारा, जजंगिरी , बोरीगारका सहित आसपास के गांव आते हैं। यहां उपभोक्ताओं की संख्या 5 हजार से ज्यादा है। आए दिन बिजली चली जाती है। ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ जाते हैं। लो वोल्टेज की समस्या आम है। केंद्र में उपभोक्ता सुबह शिकायत दर्ज कराते हैं तो शाम को मेंटनेंस टीम पहुंचती है।

**केस दो :** मंगलवार की रात चक्रवाती मूसलाधार बारिश के चलते दुर्ग भिलाई सहित दुर्ग डिवीजन ब्लैक आउट हो गया। दुर्ग, पाटन,धमधा, अहिवारा, भिलाई तीन, चरोदा से लेकर सभी गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। तीन दिन तक सुधार कार्य में तकनीकी अमला जुटा रहा। कर्मचारियों ने दिन और रात मेहनत की तब कहीं जाकर बिजली व्यवस्था को पटरी पर ला सके। आज भी कई जगह बिजली लोगों को परेशान कर रही है।

### रिटायरमेंट से पद हैं खाली

विद्युत वितरण कंपनी में हर महीने तकनीकी कर्मचारी रिटायरमेंट हो रहे हैं। उनके पद खाली हैं। कंपनी ने वर्ष 2020 से रिक्त पदों पर भर्ती नहीं की है। जिसकी वजह से तकनीकी कर्मचारियों की लगातार कमी हो रही है। जिसकी वजह से कनिष्ठ पर्यवेक्षक लाइन के पद पर एक भी कर्मचारी नहीं है। चार लाइन पर्यवेक्षक हैं जिनकी अनुकंपा नियुक्ति ही हो पाई है। जो प्रशिक्षु के रूप में कार्यरत हैं। अन्य पों पर भी आधे कर्मचारी हैं।

### कर्मियों की सुरक्षा पहलू भी नजरअंदाज

ठेके पर चल रहे ज्यादातर अकुशल कर्मियों की सुरक्षा पहलू को न केवल ठेका एजेंसी बल्कि विभाग भी नजर अंदाज कर रहे हैं। अकुशल कर्मियों को न हेलमेट मिलता है और न ही सुरक्षित दास्ताने। कटे-फटे दस्तानों पर कामचलात रहे हैं। विभाग इन कर्मियों को प्रशिक्षित करने के बाद काम पर लगाए तो खतरा भी टलेगा और उपभोक्ताओं की समस्याएं भी जल्द सुलझेगी।

### नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही

दुर्ग डिवीजन में तकनीकी स्टॉफ की कमी बनी हुई है। इसका ब्योरा हमने राज्य को भेज दिया है। राज्य स्तर पर रिक्त पदों पर नई नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।

**- संजय खंडेलवाल, ईई दुर्ग डिवीजन**

## संविदा भर्ती कैंसल होने के साल भर बाद भिलाई के युवक की आत्मदाह की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शासन-प्रशासन को एक युवक ने अपने गुमनाम पत्र के माध्यम से आत्मदाह की चेतावनी दी है। इस पत्र के बाद गुमनाम पत्र भेजने वाले युवक को तलाश रही है। पत्र कलेक्टर के आलावा सांसद, विधायक से राष्ट्रपति तक को भेज दिया गया है।

इस लेटर में जलेबी चौक सुपेला का पता लिखा हुआ है। इस पत्र में वर्ष 2024 के अक्टूबर माह में निरस्त की गई स्वास्थ्य विभाग में चतुर्थ श्रेणी के 88 पदों की भर्ती का जिक्र है। पत्र लिखने वाले का आरोप है कि अगर भर्ती निरस्त नहीं होती तो उसके पास आज नौकरी होती। उसने लिखा है कि नौकरी न होने से उसकी शादी भी नहीं हो पाई और वह अब नौकरी और शादी दोनों की उम्र पार कर गया है। कोविड में उसके माता-पिता की मौत के बाद वह परिवार में अकेला रह गया है।





### 25 हजार में खरीदा लिखित परीक्षा का पेपर

पत्र में युवक ने निरस्त की गई भर्ती में उसके चयन का दावा करते हुए बताया है कि लिखित परीक्षा का पेपर उसने 25 हजार में खरीदा और अच्छे अंक भी प्राप्त किए, जारी परिणाम सूची में उसका नाम टॉप पर था। उसने पत्र में लिखा है कि प्रावीण्य सूची में नाम होने की वजह से वह अपने चयन के प्रति आश्वस्त था फिर भी उसने सीएमएचओ आफिस के कमरा नंबर 7 के बाबू को मोटी रकम दी थी। अक्टूबर 2024 से कई चक्कर काटने के बाद उसे केवल आधी रकम ही लौटाई गई।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


## सेक्टर 7 में आवास का गिरा छज्जा

**भिलाई ।** बारिश के मौसम में टाउनशिप में आवासों के छज्जा गिरने की घटनाओ का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सेक्टर 7 में फिर एक क्वार्टर के बाथरुम का छज्जा गिर गिया। क्वार्टर 9-ए, सड़क 30 में उस समय दुर्घटना टल गई जब जैसे ही घर के लोग बाथरुम से नहाकर निकले धड़ाम से छत का छज्जा वाशिंग मशीन पर गिर गया। रहवासी बीएसपी कर्मी राम अवतार मंडाली सेकंड शिफ्ट मे ड्यूटी जाने की तैयारी कर रहे थे। बताए कि कुछ मिनट पूर्व ही उनका आठ वर्षीयबेटा भी यूरिन करके बाथरुम के बाहर निकला था। यदि कुछ देर होती तो इसकी चपेट में आ सकते थे। इसके हफ्तेभर पूर्व भी सेक्टर 6 में एक तिमंजिला आवास का छज्जा नीचे खड़ी मोटर सायकल पर गिरा था। निकट ही बच्चे खेल रहे थे। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अधिकतर क्वार्टर पचास साठ साल पुराने होने से जर्जर हो चुके हैं। बरसात के मौसम के आत ही छज्जा गिरने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। बीएसपी न तो नये मकान बना रही है और न ही मरम्मत ही करवा रही है।



## हड़ताली एनएचएम कर्मियों को काम पर लौटने की नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर के हड़ताली 16 हजार संविदा एनएचएम कर्मियों को काम पर वापस लौटने नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के बाद भी काम पर नहीं लौटे तो राज्य शासन निलंबन की कार्रवाई की भी तैयारी में है। इसके लिए राज्य से सभी जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारियों को आदेश पत्र जारी किया गया है। आदेश के बाद दुर्ग जिले के सीएमएचओ ने 805 एनएचएम कर्मियों को नोटिस भेज दिया है।



### नोटिस के बाद एनएचएच कर्मी सकते में

सीएमएचओ द्वारा जारी नोटिस के बाद हड़ताली एनएचएम कर्मी सकते में हैं। हालांकि अभी पूरे हड़ताली कर्मियों तक नोटिस नहीं पहुंचा है। इधर एनएचएम जिला संघ के पदाधिकारी इस आदेश के बाद भी हड़ताल को पूरी शिद्दत से जारी रखने का भी दंभ भर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार 10 मांगों में से सैलरी सबसे महत्वपूर्ण मांग है।

### संविदा डॉक्टरों की नियुक्ति भी शुरू

एक तरफ संविदा में कार्यरत एनएचएम कर्मियों को काम पर लौटने के लिए नोटिस जारी किया गया है तो दूसरी तरफ संविदा डॉक्टरों की नियुक्ति भी शुरू कर दी गई है। दुर्ग जिले में दो पुराने सेवानिवृत्त डॉक्टरों की संविदा नियुक्त आदेश 30 अगस्त को जारी किया गया है। ये हैं सेवानिवृत्त सीएमएचओ डॉ. जेपी मेश्राम और डॉ. प्रशांत अग्रवाल। दोनों की डॉक्टर विशेषज्ञ संविदा के पदों पर नियुकत किए गए हैं। इन चिकित्सकों को दो-दो लाख रुपए महीने की सैलरी में रखा गया है। डीएफएम से इनकी सैलरी का भुगतान किया जाएगा।

### नोटिस जारी

राज्य के आदेश पर हमने हड़ताली एनएचएम कर्मियों को नोटिस भेज दिया है। नोटिस में उन्हे काम पर लौटने की चेतावनी दी गई है। उसके बाद काम पर नहीं लौटेंगे तो राज्य द्वारा जो निर्देश मिलेंगे वैसा ही करेंगे।

**- डॉ. मनोज दानी,** सीएमएचओ


हरिभूमि

We are Hiring

**Graphic Designer**

- Qualification : Graduation
- **Software Skill : Coreldraw, Photoshop**
- Experience: 4- 5 Yrs exp.

Send resume to haribhoomibhilai@gmail.com

**Address:** Haribhoomi Bhilai Office Opp. Adarsh Petrol Pump, In front of Usha Tower, Over the Radha Pathalogy lab.

Contact No. 7000194451, 0788-4091720


## शहर में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग के बावजूद अपराधी बेखौफ

# भिलाई में एनएच के किनारे चाकू की नोक पर लूट, दहशत में सब्जी व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल सख्त पुलिसिंग और रात गश्त के बाद भी चाकूबाजी और लूट की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। हालत यह हो गई है रायपुर से

- **देर रात शहर में बढ़ रहीं अपराधिक घटनाएं**

भिलाई को जोड़ने वाले नेशनल हाइवे के किनारे चाकू की नोक पर लूट की घटनाएं हो रही हैं। इससे सब्जी व्यापारी काफी दहशत में हैं।

आकाशगंगा सब्जी मंडी सुपेला के एक फुटकर व्यापारी के ऊपर तीन दिन पहले 29 अगस्त को तड़के चार बजे एक नशेड़ी युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। उसने चाकू की नोक पर बुजुर्ग सब्जी व्यापारी सुरेश से लूट की कोशिश की। इसके बाद 31 अगस्त को तड़के स्मृति नगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत लाल मैदान के पास देवार मोहल्ले के कुछ लड़कों ने सब्जी गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर को चाकू लेकर दौड़ाया। चाकू लगने से उसकी शर्ट फट गई। ड्राइवर किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा और फिर मंडी समिति के लोगों बताया।



### दहशत में मंडी व्यवसायी

सुपेला स्थित थोक सब्जी मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र सिंह का कहना है कि सब्जी व्यापारियों का तड़के आना जाना होता है। ऐसे में उनके साथ लूट की घटनाएं होने से व्यापारी काफी डरे हुए हैं। न्यू बसंत टाकीज से लेकर चंद्रा मौर्या टॉकीज के आसपास जोड़ने वाली गलियों में नशे के आदी लड़के इस तरही वारदातों को काफी अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वो लोग पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर सुरक्षा की मांग करेंगे।

सब्जी मंडी के व्यापारियों का कहना है कि जिस बुजुर्ग को 18 टांके लगे हैं वो रोज अपनी साइकिल से तड़के सुपेला सब्जी मंडी सब्जी लेने जाता है। 29 अगस्त को जैसे ही वो नेशनल हाइवे से लगते तीन दर्शन मंदिर के पास पहुंचा उसे एक लड़के ने रोकने की कोशिश की। बुजुर्ग साइकिल मोड़कर भागा तो लड़के ने गाली देते हुए उसे चाकू लेकर दौड़ा लिया। उसने उससे पैसे मांगे, जब बुजुर्ग ने नहीं दिया तो उसने उसकी जांग में चाकू से हमला कर दिया। बुजुर्ग ने किसी तरह पास के हॉस्पिटल में घुसकर अपनी जान बचाई। छावनी पुलिस आरोपी को दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर लिया, लेकिन ऐसी घटनाएं रुक नहीं रही हैं।

### लगातार हो रही कार्रवाई

पुलिस की पेट्रोलिंग टीम लगातार गश्त कर रही है। बुजुर्ग के ऊपर हमला करने वाले आरोपी को जेल भेजा गया है। जल्द ही छावनी से लेकर सुपेला सब्जी मंडी तक गश्त को और बढ़ाया जाएगा, जिससे इस तरह की घटनाएं ना हों।

**-विजय अग्रवाल**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग


**अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई**

**BHILAI | DHANORA**

- **ELECTRICIAN** 2 Year (10th Pass)
- **FITTER** 2 Year (10th Pass)
- **C.O.P.A.** (Computer) 1 Year (10th Pass)

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93949 • 89595-44444

अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### शहीद दुर्वासालाल की स्मृति में कार्यक्रम 4 को



**अंडा।** कारगिल युद्ध के दौरान मातृभूमि के लिए अपने प्राण उत्सर्ग करने वाले शहीद दुर्वासालाल निषाद के 25 वें शहादत दिवस पर समारोह 4 सितंबर को आयोजित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अहिवारा क्षेत्र डोमन लाल कोर्सेवाडा, विशिष्ट अतिथि - विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व विधायक गुण्डरदेही बिरेंद्र साहू, अध्यक्ष सं . पु . सै कल्याण संघ, भिलाई दुर्ग एम. के. राठी, सदस्य जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद चेमन देशमुख और अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंध कुलदीप साहू सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत देवरी ख कुसुम प्रमोद देशमुख करेंगी।

देवरी ख जिला - बालोद में आयोजित कार्यक्रम में सुबह 8.00 बजे शांति पाठ, श्रद्धांजलि, सांस्कृतिक कार्यक्रम सुबह 11 बजे अतिथि आगमन, गॉड ऑफ ऑनर शहीद के परिजनों का अभिनंदन मेघावी छात्र सम्मान, शिक्षक सम्मान और वरिष्ठ नागरिक सम्मान होगा। इस दौरान पिता मुन्नीलाल निषाद एवं माता बोधनी बाई निषाद देवरी ख प्रेषक सरपंच एवं पंचगण समस्त ग्रामवासी देवरी ख उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी शहीद के पिता मुन्नी लाल निषाद ने दी।

### तीज महोत्सव में शिव कथा सुनी ग्रामीणों ने

**अंडा।** तीज महोत्सव में शिव कथा का आयोजन बाजार चौक अंडा में किया गया। माता पार्वती की कथा सती की मनमोहक व्याख्या खिलेन्द्र कुमार और संजू यादव ने की। सरपंच दिग्विजय सिन्हा, गांव छाती सरपंच दानेश्वरी यादव, डी पी चन्द्राकार, तेजराम निर्मलकर, तेजराम चौहान, तेजराम चन्द्राकर, गैदू चन्द्राकर, यशवंत सिन्हा, यशवंत चन्द्राकर, बलदाऊ चौहान, खिलेश यादव, रुपेन्द्र विश्वकर्मा, मणी साहू ,रविकांत यादव, कृष्णकांत यादव, नवनीत यादव और तीजा तिहार उपवासधारी मातृ शक्ति की उपस्थिति रही। इस अवसर पर दिग्विजय सिन्हा सरपंच ने अंडा में नवनीत श्रीराम भक्त मानस मंडली अंडा द्वारा राम कथा एवं शिव कथा मे शामिल होने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

### खेलों के महत्व को लेकर सेमीनार का आयोजन

**भिलाई।** भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसे पहली बार 2012 में उत्सव के दिनों की सूची में शामिल किया गया था। इस दिन कई राज्यों में शारीरिक गतिविधियों और खेलों के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई खेल स्पर्धाएं और सेमीनार आयोजित किए जाते हैं। विभिन्न खेल आयोजनों को शुरू करने के लिए एक मंच के रूप में भी किया जाता है।

---

### बोरसी के एक मकान की घटना

# धर्मांतरण को लेकर दुर्ग में बवाल विरोध के बीच पुलिस की कार्रवाई


**प्रार्थना को लेकर हुआ विवाद, हिंदूवादी संगठन पहुंचे थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रविवार को बोरसी स्थित एक मकान में प्रार्थना सभा के दौरान धर्मांतरण कराने का आरोप लगा। इसे लेकर हिंदू संगठनों ने उसका जमकर विरोध किया।

जानकारी के मुताबिक न्यू मन्नम नगर में एक मकान में प्रार्थना सभा चल रही थी। शिकायत मलते ही मौके पर तहसीलदार और एएसपी सुखनंदन राठौर मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां से पास्टर मनोहर तांडी और आकाश बसेरा को पकड़ा। दोनों के खिलाफ पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप को लेकर कार्रवाई की है। हिंदू जागरण मंच ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि लेबर कॉलोनी क्षेत्र में पिछले दो साल से धर्मांतरण की गतिविधियां चल रही हैं। उनके विरोध के बाद बीच में इसे बंद कर दिया गया था। इसके बाद फिर से धर्मांतरण कराने का काम शुरू हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रार्थना सभा में हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कही जा रही थीं। पदमनाभपुर थाना प्रभारी राजकुमार लहरे ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने धारा 299 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है। गिरफ्तार दोनो पास्टरों को न्यायालय में पेश किया गया है।





**धर्मांतरण नहीं हो रहा, परेशान किया जा रहा**

इधर यूनाइटेड क्रिश्चयन काउंसिल के जिला अध्यक्ष एम. जोनाथन जॉन ने धर्मांतरण कराए जाने के आरोप को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस खुद मौके पर मौजूद थी, क्या किसी ने पुलिस को बताया कि उनका धर्मांतरण कराया गया या कराया जा रहा था। वहां केवल सामान्य प्रार्थना सभा हो रही थी। कुछ असंवैधानिक लोग हर संडे को ऐसे आयोजनों को निशाना बनाते हैं।

---

# कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ सर्वेयरों की संख्या बढ़ाने पर दिया जोर

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तहसील दुर्ग के ग्राम कोड़ियां, भानपुरी, कुथरेल में हो रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व अधिकरियों को सर्वेयरों की संख्या बढ़ाने और प्रतिदिन सर्वेयरों को लक्ष्य निर्धारित कर सर्वे की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर सिंह शौर्य भ्रमण के दौरान तहसीलदार दुर्ग प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु, हुलेश्वर खूंटे, राजस्व निरीक्षक शेष नारायण दुबे सहित पटवारी और सर्वेयर उपस्थित थे।

### मेगा रक्तदान शिविर में 171 ने किया रक्तदान



कलेक्टर अभिजीत सिंह युवा संगठन व गायत्री प्रज्ञा पीठ कोड़िया एवं कर्मवीर युवा संगठन कातरो द्वारा आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए जिसमें लगभग 171 रक्तदाताओं द्वारा रक्त दान किया गया हैं। इस मौके पर जनपद पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी विशेष रूप से मौजूद थे।

---

# स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता सुधारने स्कूलों का नियमित भ्रमण जरूरी: उपसंचालक चावरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



लोक शिक्षण संचालनालय के उप संचालक आशुतोष चावरे के द्वारा जिले के सेजेस विद्यालयों के प्राचार्य एवं समस्त संकुल समन्वयों की शिक्षा गुणवत्ता पर बैठक आयोजित की गई एवं प्रत्येक बिंदुओं पर चर्चा कर शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने के टिप्स दिए गए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शाला की प्रत्येक विद्यार्थियों को भाषा एवं गणित का कक्षा अनुरूप ज्ञान होना आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी स्टार के अधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों का भ्रमण करें कर्मियों पर ध्यान दें एवं उन्हें दूर करने के उपाय बताएं। उपसंचालक चावरे ने कहा कि दुर्ग जिले का परीक्षा परिणाम मंडल परीक्षा में पूरे राज्य में अव्वल होना चाहिए इसके लिए पहले से लक्ष्य का निर्धारण कर उसके अनुरूप कार्य प्रारंभ करें सही समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखें जिला स्तर से विषय विशेषज्ञों के माध्यम से सैंपल प्रश्न पत्र एवं प्रश्न बैंक का निर्माण कर छात्रों से ज्यादा से ज्यादा अभ्यास कराया जाए यह भी प्रयास करें कि जिले से अधिक से अधिक छात्र प्रवीण सूची में अपना स्थान बना सके। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, सहायक संचालक अमित घोष एवं डीएमसी उपस्थित थे।



---

### दुर्ग जिला सेन समाज महिला प्रकोष्ठ का आयोजन

# सेन समाज की महिलाओं का तीज मिलन महोत्सव 2 सितंबर को दुर्ग में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिला सेन समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा 2 सितंबर मंगलवार को गौरव पथ जेल तिराहा के पास स्थित स्वामी विवेकानंद भवन दुर्ग में तीज मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा।

महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष किलेश्वरी उमरे ने बताया कि आयोजन को लेकर समाज की महिलाओं में भारी उत्साह है। जिले भर से समाज की महिलाएं तीज महोत्व में शामिल होंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग की महापौर अल्का बाघमार करेंगी। अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ केश शिल्पी कला बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन और





■ विधायक रिकेश सेन और दुर्ग की महापौर अल्का बाघमार होंगे शामिल

विशिष्ट अतिथि सेन समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीतराम सेन, प्रांतीय सचिव भुवनलाल कौशिक, विधि प्रकोष्ठ के प्रांताध्यक्ष अधिवक्ता हरेंद्र उमरे, दुर्ग जिला अध्यक्ष भीखम सेन, समाज सेविका रिचा सेन होंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पूर्व जनपद सदस्य सरस्वती सेन, छत्तीसगढ़ युथ कलाकार संघ की अध्यक्ष काजल श्रीवास और वार्ड 28 की पार्षद ममता सेन होंगी।

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष किलेश्वरी ने बताया कि तीज महोत्सव में महिलाओं के लिए कई कार्यक्रम होंगे। कई रोचक प्रतियोगिताएं भी होगी। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए ड्रेस कोड हरी साड़ी या सलवार कुर्ता रखा गया है। दुर्ग जिला सेलून संघ के अध्यक्ष संतोष सेन ने बताया कि इस आयोजन को जिला सेन समाज सहित दुर्ग शहर व भिलाई शहर सेन समाज, दुर्ग जिला सेलून संघ, दुर्ग शहर सेलून संघ, भिलाई नगर सेलून संघ, दुर्ग जिला युवा प्रकोष्ठ समेत जिले के सभी ईकाईयों का सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। जिले से लेकर इकाईयों तक महिलाओं में कार्यक्रम को लेकर बहुत उत्सुकता है। दो दिन पहले समाज के वरिष्ठजनों के साथ बैठक में कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गई।

---

### गणेश महोत्सव में ट्रैफिक व्यवस्था के लिए जागरुकता

**भिलाई।** गणेश महोत्सव में ट्रैफिक व्यवस्था के लिए ट्रैफिक पुलिस जागरुकता के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल ने ट्रैफिक व्यवस्था, भीड़, सुरक्षा के लिए उपायों को लेकर दिशा-निर्देश दिया है। नगर के प्रमुख पंडालों सेक्टर-2 गणेश पंडाल, महाराजा चौक गणेश पंडाल, दुर्ग, सेक्टर-10 गणेश पंडाल, सेक्टर-1 गणेश पंडाल, खुर्सीपार अंडा चौक गणेश पंडाल, खुर्सीपार गणेश पंडाल में भीड़ की संभावना को देखते हुए इन क्षेत्रों को विशेष निगरानी और प्राथमिकता पर लिया गया है। इन स्थानों पर नो-पार्किंग और नो-वेंडिंग ज़ोन निर्धारित करने के साथ-साथ आवश्यक बैरिकेडिंग,स्टॉपर लगाए जा रहे हैं। सेक्टर-2 क्षेत्र में विशेष रूप से वन-वे व्यवस्था लागू की गई है। खुर्सीपार क्षेत्र के गणेश पंडालों में भी अस्थायी वन-वे व्यवस्था लागू की जाएगी। गणेश महोत्सव को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष रूट डाइवर्ज़न प्लान तैयार किया है। दुर्ग से आने वाले वाहन यदि मलवीय नगर चौक से 32 बंगला चौक की ओर बढ़ेंगे तो उन्हें सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर स्थित पंडाल के कारण भीड़ से बचाने के लिए गैराज रोड की ओर डायवर्ट किया। इसी प्रकार, जो वाहन दुर्ग से जेल तिराहा होते हुए तलपुरी फ्लाईओवर से आएंगे उन्हें फॉरेस्ट एवेन्यू रोड से डायवर्ट किया जाएगा ताकि सेंट्रल एवेन्यू रोड पर ट्रैफिक दबाव कम किया जा सके। भिलाई से दुर्ग जाने वाले मार्गों में भी अस्थायी डायवर्ज़न लागू किया गया है। पावर हाउस से सेक्टर क्षेत्र की ओर से दुर्ग जाने वाले वाहन पावर हाउस अंडर ब्रिज से बचत चौक होकर सेक्टर-1 रेलवे स्टेशन के सामने से गैराज रोड, जे.पी. चौक, प्रियदर्शिनी अंडरब्रिज, महाराणा प्रताप चौक, 32 बंगला तथा वाई-शेप ब्रिज से दुर्ग की ओर जाएंगे।

---

# भगवान के त्याग राह को अंगीकार करे : तिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नवागांव निवासी भंवरलाल गोलछा के सुपुत्र छगनलाल गोलछा 9 दिन उपवास के पश्चात सतत वृद्धि का भाव रखते हुए आगे बढ़ रहे है पुत्रवधु रजनी गोलछा ने अक्षयनिधि तप किया और सुपौत्री ऋषिका गोलछा ने 9 दिवसीय उपवास किया।

इस अवसर पर बहुमान समारोह में आचार्य विजय योग तिलक सुरीश्वर महाराज के शिष्य मुनि भगवंत श्वेत तिलक सुरीश्वर महाराज आदि ठाणा के साथ 7 विदुषी शिष्या साध्वी चैत्यदर्शिता, श्री जी साध्वी भगवंत आदि ठाणा 8 की निश्रा में भव्य



बड़गोड़ा साजा में निकाल कर अभिनंदन किया गया। व्याख्यान में जैन सन्त श्वेत तिलक महाराज ने कहा कि भगवान राम भगवान कृष्ण भगवान महावीर ने त्याग में जीवन का आनंद बताया और भगवान को मानते तो है लेकिन भगवान की बात मानने की बात आती है तब मुंह मोड लेते है, जीवन में समस्या का मुख्य जड़ यही से शुरू होती है। समारोह में जैन श्री संघ जामगांव आर, साजा, रायपुर, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, बालोद, बीजा, बेमेतरा, दाढ़ी कवर्धा, भंडारपुर, खैरागढ़, शिकारी, बीजा, भटगांव, परपौड़ी, कोड़वा, धमधा, देवकर, बेरला, कटंगी, बालाघाट,अहिवारा, महरूम थानखमहारिया और अतरिया आदि के लोगों ने भाग लिया। बरगोड़ा जैन श्री संघों के साथ माहेश्वरी समाज का सराहनीय योगदान रहा।

---

### 125वें संस्करण का सामूहिक पीएम मोदी के विचारों को किया आत्मसात

# मन की बात सुनी नगरवासियों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी संवाद मन की बात के 125वें संस्करण का सामूहिक श्रवण पाटन नगर पंचायत क्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने वार्ड क्रमांक-4 अखरा में नगरवासियों के साथ मन की बात का श्रवण कर प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात किया।

अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 'मन की बात' कार्यक्रम केवल संवाद नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का पथप्रदर्शक है। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, वार्ड पार्षद एवं सभापति नेहा बाबा वर्मा, सभापति केवल देवांगन, बाबा वर्मा, नागेन्द्र कश्यप, अमित लोधी, आदित्य सावर्णी, खगेश देवांगन, यामिनी देवांगन, कौशल्या साहू, विजयलक्ष्मी वर्मा, डाकेश्वरी वर्मा,मेंहत्तरीन वर्मा,सीता वर्मा,रेखा साहू, डोमेन्द्र साहू, डोमन यादव, रेखलाल साहू, गावस्कर देवांगन, भगवती आडिल और योगेश्वर वर्मा आदि मौजूद थे।



### पुलगांव के लोगों ने सुनी मन की बात

**अंडा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 125 वां प्रसारण सुनने कार्यक्रम का आयोजन पुलगांव में रखा गया। कार्यक्रम के अतिथि संजय शुक्ला एवम मन की बात के प्रभारी लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु ) की उपस्थिति में युवा कार्यकर्ता एवम आम जनमानस उपस्थित थे। कार्यकम में मुख्यरूप से गोकुल साहू ,दिनेश यादव सन्दीप निषाद, सतीश साहू ,गणपत साहू ,साई दुबे मोनू साहू सुनील यादव ,सुनील निषाद , कमल यादव जागेश्वर समीर चंद्र प्रकाश, प्रताप ,लक्ष्मण आर्यन भुनेश्वर सार्थक और वरुण उपास्थित थे।



---

### दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में प्रथम मून का समापन समारोह

# 'मून' जैसे आयोजन विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं : एडवोकेट तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में आयोजित प्रथम मॉडल यूनाइटेड नेशन्स मून का समापन समारोह संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यालय के लिए ऐतिहासिक रहा, क्योंकि पहली बार छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा करते हुए वैश्विक मंच का अनुभव प्राप्त किया।

समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व एडवोकेट जनरल कनक तिवारी ने छात्रों से स्वतंत्रता से पूर्व और स्वतंत्रता के पश्चात देश, समाज और राजनीति में हुए परिवर्तनों को अपने अनुभवों के माध्यम से साझा किया। उन्होंने बताया कि वे आरंभ से ही लाल बहादुर शास्त्री और जवाहरलाल नेहरू के जीवन से प्रेरणा लेते रहे हैं। 'मून' जैसे आयोजन विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और उनमें नेतृत्व, संवाद तथा कूटनीति की




क्षमता विकसित करते हैं। डीपीएस दुर्ग का यह प्रयास सराहनीय एवं अनुकरणीय है। प्राचार्य यशपाल शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों ने जिस आत्मविश्वास और शोधपरक दृष्टिकोण के साथ इस कार्यक्रमों भाग लिया वह विद्यालय के लिए गौरव की बात है। यह हमारे शिक्षा-दर्शन का हिस्सा है कि हम छात्रों को केवल किताबों तक सीमित न रखकर उन्हें विश्व मंच के लिए भी तैयार करें। समापन समारोह में विजयी प्रतिनिधियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए। एक प्रतिभागी ने कहा कि मून ने हमें यह सिखाया कि असहमति के बावजूद संवाद और सहयोग से समाधान निकाला जा सकता है। वहीं एक छात्रा ने बताया कि यह हमारे जीवन का सबसे यादगार शैक्षिक अनुभव रहा, जिसने हमें भविष्य के लिए प्रेरित किया।



## खबर संक्षेप



### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर हुई प्रतियोगिता

**सेलूद**। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन पाटन में हुआ। जिसमें सेजस जनता भिलाई-3 की छात्रा नम्रता वर्मा एवं अदिति सिंह ने विपक्ष में बात रखते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रश्मि गुप्ता एवं रवि प्रकाश देवांगन ने इन छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। उक्त छात्राएं सेजस पंडित जवाहर लाल नेहरू विद्यालय खुर्सीपार में जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगी। उक्त छात्राओं की इस उपलब्धि पर शाला विकास समिति की अध्यक्ष रामेश्वरी साहू , प्राचार्य मीरा अनिल कुमार एवं समस्त शिक्षक शिक्षाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### तीज मिलन पर खेलकूद प्रतियोगिता में जुटे ग्रामीण



**अंडा**। कोड़िया गांव के सरपंच के निर्देश पर श्री बाल गणेश उत्सव समिति की ओर से तीज मिलन पर कार्यक्रम का खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतिभागी बहनों को इनाम में तीजा की साड़ी दी गई।इसके साथ ही फुगड़ी में प्रथम मीनाक्षी, द्वितीय उमा सारथी, गोंट में प्रथम उमा सारथी, द्वितीय पुष्पा निषाद ,कुर्सी दौड़ में प्रथम पुष्पा निषाद, द्वितीय शशि साहू,कुकरी पकड़ो खेल में प्रथम परदेशनिन सारथी, द्वितीय रेशमा साहू ,मटका फोड़ में प्रथम गायत्री निषाद , द्वितीय मीनाक्षी यादव और तृतीय हिरौंदी साहू,सुई धागा में प्रथम मधु यादव, द्वितीय मीनाक्षी यादव , आलू दौड़ में प्रथम मीनाक्षी यादव, द्वितीय मधु यादव रहे। ,बाल गणेश समिति के अध्यक्ष पिंटू यादव, सरपंच खुमान निषाद, वार्ड 3 पंच ज्ञानेश्वर साहू प्रीतम यादव , तिलक निषाद, नेमलाल निषाद , शिवा निषाद, सुदर्शन यादव, सुधराम यादव, लीलाधर यादव और रोहित यादव के साथ ग्रामीण जन बड़ भारी संख्या में शामिल हुए।

### मन की बात सुनी ग्रामीणों ने

**अंजोरा**। नगपुरा शक्ति केंद्र में मन की बात कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगीता साहू जनपद सदस्य,दुर्ग थीं। वहीं मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी पवन महतेल , ओंकार देवांगन मंडल उपाध्यक्ष, संदीप चंद्राकर,माखन साहू ,शंकर राउत,रंजीत निषाद,बिना महतेल, जगते भारती, शिवकुमार, शंकर चौहान,राकेश एवं सभी शक्ति केंद्र के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में जोश भरा एआईसीसी महासचिव भूपेश बघेल ने

# संगठन सर्वोपरि, कांग्रेस सभी वर्ग के हित की लड़ाई लड़ रही : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रानीतराई/पाटन

### सभी वर्ग के लोग कुशासन का दंश झेल रहे, कहा बघेल ने



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा संगठन सर्वोपरि, कांग्रेस सभी वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ रहा है।वोट चोर,गद्दी छोड़ का नारा हम सबको बुलंद करना है,संविधान आज खतरे में है। केंद्र एवं राज्य सरकार की ट्रिपल इंजन पूरी तरह फेल हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, कर्मचारी, अधिकारी, व्यापारी, आदिवासी, महिलाएं सहित सभी वर्ग कुशासन का दंश झेल रहे हैं।कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता इस लड़ाई में शामिल है।हमें आम जनता की मुद्दों से लेकर सुख दुख को ध्यान में रखते हुए कार्य करना है। प्रभारी पीसीसी महामंत्री राजेंद्र साहू ने संगठन की एकता हमें मजबूत बनाए रखने के लिए प्रत्येक मुद्दों पर गंभीरता से लड़ाई लड़नी है। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने संगठन सृजन की विधिवत जानकारी प्रेषित की। पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप अशोक साहू ने हम सबको एकजुटता से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कांग्रेस पार्टी का हाथ मजबूत करना है। इस दौरान आशीष वर्मा, अशोक साहू, कौशल चंद्राकर, राजेश ठाकुर, भेष आठे, सोहन जोशी, छोटू बघेल, नोमिन ठाकुर सदस्य जिप, अजय साहू, दिनेश साहू, राजाराम गहिरवार, सत्यनारायण टिकरिहा, रूपचंद साहू, कपूर साहू, संतोष पटेल, भेदप्रकाश वर्मा, भविष्य जैन, ईश्वर शर्मा, हेमू सोनकर, मूलचंद साहू, सीताराम ठाकुर, नारद साहू, सतीश वर्मा, कमलेश नेताम, देवकुमार निषाद, लुल्ली चक्रधारी, देवेंद्र गेडाम, कल्याण भारती, भोज रघुवंशी, पुलस्त्य साहू, गणेश साहू, रामनाथ साहू, रेवा साहू, डेविड चंद्राकर, चतुर साहू, चंद्रभान साहू, तेजराम सिन्हा, डा ईश्वर निषाद, सागर सिन्हा, सीता सिन्हा, द्रोपदी साहू, परमानंद साहू, छबील साहू, मन्नू साहू, शिवकुमार साहू, नीलकंठ साहू, विष्णु वर्मा, मनीष वर्मा, मनोज वर्मा, रूपराम कोसे, अशोक रिंगवानी, यादवराम सेन, प्रेमलाल साहू, सुमित विश्वकर्मा, वीर देशलहरे, हितेश ठाकुर सहित ब्लॉक के समस्त कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार का अधिकार दिया भूपेश को

**कुम्हारी**। ब्लॉक काँग्रेस की बैठक शनिवार 30 अगस्त को सामुदायिक भवन में छत्तीसगढ़ महतारी व महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण से शुरू हुई। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। ब्लॉक अध्यक्ष, दो मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और बूथ अध्यक्ष तक की नियुक्तियों पर विचार-विमर्श किया गया। हालांकि अभी किसी नाम की घोषणा नहीं की गई है। सर्वसम्मति से कार्यकर्ताओं ने निर्णय का अधिकार भूपेश बघेल को सौंपा है। भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा –श्कांग्रेस संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हर कार्यकर्ता की भागीदारी से ही पार्टी आगे बढ़ेगी। संगठन का विस्तार पूरी पारदर्शिता और कार्यकर्ताओं की सहमति से किया जाएगा।" बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, प्रभारी कौशल चंद्राकर, बैठक प्रभारी सन्नी अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, प्रमोद चंद्राकार, पार्षद विकास सोनकर, लेखराम साहू, डिकेन्द्र साहू, योगेश्वर पटेला, पीतांबर साहू, विजय वर्मा,फुसनु कुर्रे, संगीता कुर्रे, रामसिंग पाल, रीना साहू, जानकी ध्रुव, ओमनारायण वर्मा, लता खैरवार, गिरीश देवांगन, मनहरण यादव, रामकुमार चक्रधारी, स्वप्निल उपाध्याय, ओम यादव, शांति टंडन, अंचल गुप्ता, युवराज साहू, विनोद साहू, जय धीवर, सोनू यादव, कमल कमलेशिया, दिलीप चौधरी आदि उपस्थित थे।



## अंचल में गणेशोत्सव की धूम



उतई। बाल गणेश उत्सव समिति बजरंग पारा मचांदुर।



अंडा। जय श्री गौरी गौरा गणेशोत्सव समिति वॉर्ड नं 55 गाँधी चौक पुलगांव।



अंडा। जय बजरंग गणेश समिति पुलगांव।



जामगांव आर। नव जागृति गणेशोत्सव समिति भाठापारा जामगांव आर।

# आंगनबाड़ी में बच्चों को दी विटामिन ए की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुथरेल मे शिशु संरक्षण माह अंतर्गत, आंगनबाड़ी मे बच्चों को विटामिन ए की खुराक लोमश चंद्राकर सभापति जनपद पंचायत दुर्ग ने पिलाई।

इस दौरान डॉ संजीव शुक्ला सेक्टर प्रभारी निकुम, डॉ संजय सिंह, डॉ निर्मला जैकब, निरंजना चंद्राकर आगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीता साहू सहायिका की उपस्थित रहे। सभापति ने बताया कि 29 अगस्त से 30 सितम्बर तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को किया जाएगा। जिसमें 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी हितग्राही बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। इसी तरह 6 माह से 5 वर्ष तक के सभी हितग्राही बच्चों को आयरन फॉलिक एसिड सिरप दिया जाएगा। साथ ही नियमित टीकाकरण अंतर्गत सभी पात्र बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं सभी गर्भवती महिलाओं का ए.एन.सी. चेकअप किया जाएगा।



# परसाई ने जगाई सामाजिक चेतना



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

■ प्रगतिशील लेखक संघ ने किया परसाई जयंती का आयोजन

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ और छग हिन्दी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव के निवास साहित्य परिसर सेक्टर 10 में व्यंग्य के पुरोधा हरिशंकर परसाई की जयंती का आयोजन किया गया। अध्यक्षता व्यंग्यकार गुलवीर सिंह भाटिया ने की। कथाकार लोकबाबू विशिष्ट अतिथि थे । मुख्य वक्ता समालोचक जयप्रकाश थे । कथाकार कैलाश वनवासी ने आलेख पाठ करते हुए कहा कि परसाई कहा करते थे मैं लेखक छोटा हूं पर संकट बड़ा हूं। कवि शरद कोकास ने परसाई की रोचक सूक्तियों का पाठ करते हुए कहा नेता हो जाना बड़ा अच्छा धंधा है । पुल पार करने उतरने के लिए नहीं उद्घाटन करने के लिए होता है । कवयित्री विद्या गुप्ता ने कहा हमें परसाई की तरह सामाजिक विसंगतियों पर धारदार वार करना चाहिए । शिक्षाविद् प्रो. डीएन शर्मा ने कहा अगर आज परसाई होते तो गिरफ्तार कर लिए जाते,राजद्रोह में धरे जाते। पूर्व प्राचार्य डॉ. कोमल सिंह शार्वा ने कहा परसाई व्यक्ति नहीं व्यवस्था पर प्रहार करते हैं। प्रो.जयप्रकाश ने कहा परसाई की रचना जमीन से जुड़े होने का साक्ष्य है । परसाई की रचना में सामाजिक अंतर्विरोधों को वे गहराई से पहचानते थे । व्यंग्यकार गुलवीर सिंह भाटिया ने व्यंग्य रचना का पाठ किया । कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के अध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव ने कहा परसाई कहा करते थे समृद्ध साहित्य के लिए यथार्थ की समझ और विश्व दृष्टि बेहद जरूरी है । परसाई को पढ़ते हुए हर पाठक मनुष्यता का सपना देख सकता है । वरिष्ठ व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में प्रलेसं भिलाई के सचिव विमल शंकर झा, कवयित्री सरला शर्मा, डॉ. संजय दानी, कमलेश वर्मा एनएन पांडे, शिव मंगल सिंह,अविनाश सिपाहा, रिद्धिमा श्रीवास्तव अनिल शर्मा आदि भिलाई दुर्ग के साहित्यकार उपस्थित थे।

### जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चयनित



**सेलूद**। सेजस जनता भिलाई 3 के 7 खिलाड़ी का चयन राज्य स्तरीय शालेय जिम्नास्टिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय से सोनम देवांगन कक्षा 11वीं , नम्रता कक्षा 11 वीं ,अदिति बंजारे कक्षा 11 वीं ,आकांक्षा पटेल कक्षा 11वीं, निकिता कक्षा 11वीं, ख्याति साहू कक्षा 7 वीं और हर्षद देवांगन कक्षा 6 वीं का चयन हुआ है। सभी खिलाड़ी शाला के व्यायाम शिक्षक यीतेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में निरंतर अभ्यास करते रहे हैं। खिलाड़ियों के चयन पर शाला विकास समिति की अध्यक्ष रामेश्वरी साहू , प्राचार्य मीरा अनिल कुमार, हेमलता गजपाल, रश्मि गुप्ता, रवि प्रकाश देवांगन, सुनिर्मल कांत बंछोर, श्वेता कारण, रेणुका खत्री, रश्मि चौबे, संध्या तिवारी, पूनम चांद कंवर, मिडिल एच एम सूर्या हनीष एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई**। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




### यातायात जागरुकता और निःशुल्क हेलमेट वितरण

**पाटन**। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ पाटन के तत्वाधान में यातायात जागरूकता एवं निशुल्क हेलमेट वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल उपस्थित थे। उन्होंने यातायात नियमों के महत्व और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात दुर्ग ने की। अति विशिष्ट अतिथि पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा और समस्त थाना प्रभारी एवं पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद रही।



आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, संभाग अध्यक्ष छगन साहू के मार्गदर्शन में ललित साहू, दुर्ग जिला अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ दुर्ग ने आभार व्यक्त किया। ब्लॉक अध्यक्ष अनिल साहू तथा भूषण , गोपीचंद ने सहभागिता निभाई।

### जंजगिरी में 71 पौधों का रोपण

**अंडा**। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती के उपलक्ष में ग्राम पंचायत जंजगिरी में एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम पंचायत जंजगिरी,भवतरणी मानस मंडली एवं शांतिवन वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में कुल 71 पौधे नीम, बादाम, गुलमोहर, डेल्टा फॉर्म सुरक्षा घेरा के साथ लगायें गये।इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं सभापति लोमश चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत जंजगिरी गीताबाई ठाकुर, उप सरपंच गौकरण साहू ,सचिव नेवेन्द्र कुमार, पंच कमलेश ठाकुर, नरेंद्र देशमुख, प्रदीप देशमुख, किशोर देशमुख भवतरणी मानस परिवार के सभी सदस्य, वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष प्रेमलाल देशमुख, ग्रामीण सूरज साहू, शैलेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध कार्यक्रमों का किया आयोजन

# खेल दिवस पर कॉलेज में सम्मानित हुए प्रतिभावान खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन



शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, पाटन में राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने कहा कि खेल न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने छात्रों को खेल भावना के साथ निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सत्र 2024- 25 में विश्विद्यालय और राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन क्रीड़ा प्रभारी जितेंद्र मंडावी ने किया । अतिथि क्रीड़ा आलोक कुमार चौरसिया ने मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में पायल क्रिकेट महिला, लोकेश्वरी हैंडबाल महिला, दीपक कुमार वेटलिफ्टिंग पुरुष, मौसमी निर्मलकर वेटलिफ्टिंग महिला, शिवानी निषाद वेटलिफ्टिंग महिला, नमन कुमार साहू कबड्डी पुरुष शामिल हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारीगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं खिलाडीगण उपस्थित रहे।

### सीआईएसएफ और विद्यार्थियों की टीम उतरी मैत्री वॉलीबॉल मैच खेलने



**उतई**। केंद्रीय विद्यालय सी.आई.एस.एफ,उतई भिलाई में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मुख्य अतिथि भुबनेश्वरी, प्राचार्य के साथ असिस्टेंट कमांडेंट राकेश कुमार ,केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तृतीय आरक्षित वाहिनी भिलाई ,इंस्पेक्टर पी.के. मोहंती और इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह कुंपावत ने हॉकी के जादूगर, महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर लघु नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण सीआई एस एफ भिलाई और विद्यार्थियों के बीच खेले गए मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच रहा। इस रोमांचक मैच ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त एथलेटिक्स, कबड्डी, खो - खो, रस्साकशी, रोप स्किपिंग तथा अन्य खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप



### राज्य कर्मचारी संघ ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

**भिलाई।** राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ और व्याख्याता संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से उनके निवास दुर्ग में मुलाकात किया। इस दौरान गुलदस्ता भेंट कर शुभकामाएं दी। उन्हें बताया कि शिक्षा विभाग में विगत 10 वर्षों से प्राचार्य पदोन्नति नहीं होने के कारण शिक्षा गुणवत्ता प्रभावित हो रहा है। वर्तमान शिक्षा भर्ती, पदोन्नति नियम विसंगतिपूर्ण होने के कारण उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ में बहुत से प्रकरण दर्ज है। जिसमें एक प्रकरण में स्टे लगा हुआ है। निर्णय सुरक्षित है पूर्व में भी डबलबेंच ने नियम संशोधित कर वरिष्ठ प्रधान पाठकों को पदोन्नति देने का निर्णय दिया। विभाग उच्च न्यायालय के निर्देश की व्याख्या कनिष्ठो के पक्ष में करते हुए वरिष्ठ प्रधान पाठकों को दरकिनार कर उन कनिष्ठ प्रधान पाठकों को प्राचार्य पदोन्नति दी जा रही है। पदोन्नति से वंचित प्रधान पाठकों को शासन विरोधी बता रहे हैं वंचित प्रधान पाठकों की संघर्ष समिति ने न्यायालय के निर्मय के अनुसार पदोन्नति नियम संशोधित करने के बाद ही प्राचार्य पदोन्नति करने का मंत्री से मांग किया। इसके अलावा यह भी बताया गया कि 10 वर्षों से पदोन्नति मामला लंबित होने का बाहना बताकर जैसे-तैसे उनके पक्ष में पूर्ण करने में जुटे हुए है। इस दौरान राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ ज्ञान सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष डॉ शशि भूषण शर्मा, तुला राम साहू , प्रमोद श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, बीरेंद्र यदु गोपाल ध्रुव, आर एस परमार, टीका राम साहू व्याख्याता संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार झा, अरुण साहू, प्रकाश बघेल, गोरे साहू, बसंत दास, रूपेंद्र चंद्राकर, शम्भु चंद्राकर, गोविंद ठाकुर, रमेश बारले, देशबंधु शर्मा, राकेश परगनिहा, देवेंद्र बंछोर मौजूद थे।

# कानून व्यवस्था पर लगाम कसने एसएसपी की बैठक, कार्रवाई के निर्देश

## निगरानीशुदा, बिना हेलमेट चलने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई में अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक लिया गया। इस दौरान गणेश विसर्जन एवं आगामी ईद मिलाद उन नबी त्यौहार के दौरान कानून, शांति व्यवस्था के लिए दिशा निर्देश दिया।

जुलूस निकालने वाले मार्ग चिन्हित करने,नियत समय पर ही जुलूस निकालने की अनुमति दिए जाने के निर्देश है। गणेश विसर्जन में 5-6 दिवस शेष है संध्या के समय गणेश पण्डालों में अधिक भीड़ होना संभावित है। सभी थाना, चौकी प्रभारियों को मुस्तैदी से सुरक्षा ड्यूटी करने की हिदायत दी गई। गणेश पण्डालों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाने को कहा गया है। बैठक में गुण्डा निगरानी बदमाशों के खिलाफ बॉड ओवर कराने के निर्देश दिए गए। बॉड ओव्हर का उल्लंघन करने वाले गुण्डा निगरानी बदमाशों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी फरार निगरानी, गुण्डा बदमाशों की पतासाजी करने,आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों को अवगत कराएं कि ऐसे फरार



निगरानी, गुण्डा बदमाशों की आमद की जानकारी अनिवार्य रूप से दे। बैठक में एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों की थानावार समीक्षा की गई। जिन थानों में प्रकरण का निराकरण समय सीमा में नहीं किया जा रहा है। उनके थाना चौकी प्रभारियों को समय पर निराकरण के सख्त निर्देश दिए। एएसपी अभिषेक झा, आईपीएस हर्षित मेहर , सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, छावनी सीएसपी हेम प्रकाश नायक, एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा,धमधा डीएसपी एलेक्जेण्डर किरो, डीएसपी मुख्यालय विनोद मिंज, डीएसपी पुलिस लाइन चन्द्रप्रकाश तिवारी,आदि मौजूद थे।

### गिरफ्तारी वारंट की अधिक से अधिक की जाए तामीली

बैठक में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई करने को कहा गया है। चाकुबाजी की घटनाओं की रोकथाम की जाए, किसी भी व्यक्ति के पास धारदार हथियार,अवैध रूप से चाकू पाए जाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। अवैध मादक पदार्थों, अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी है।

## उपलब्धि : देश के सौ चुनिंदा ब्लड सेंटरों में हुआ शामिल

# सेक्टर-9 अस्पताल ब्लड सेंटर में अब और बढ़ाई जाएगी ट्रांसफ्यूजन मेडिसीन गुणवत्ता

### स्वैच्छिक रक्तदान को भी मिलेगा अधिक प्रोत्साहन ब्लड सेंटर को मिली एनएबीएच मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सबसे बड़े अस्पताल पं. जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएन चिकित्सालय) सेक्टर 9 भिलाई में अब स्वैच्छिक रक्तदान को अधिक प्रोत्साहन मिलने के साथ ट्रांसफ्यूजन मेडीसिन के क्षेत्र में गुणवत्ता और बढ़ जाएगी। अस्पताल के अत्याधुनिक ब्लड सेंटर ब्लड सेंटर ने राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) से मान्यता प्राप्त की है। यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़ राज्य में बल्कि पूरे सेल के अस्पतालों में पहली बार किसी ब्लड सेंटर को प्राप्त हुई है।

यह सफलता कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. एम. रवींद्रनाथ और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डां. के ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी तथा डॉ. उदय कुमार सहित अस्पताल के अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के सतत प्रयासों से संभव हुई। एनबीएच मान्यता से यह सुनिश्चित होता है कि मरीजों को सुरक्षित और सर्वोत्तम गुणवत्ता का रक्त, प्लाज्मा आदि रक्ता उत्पाद उपलब्ध हो। साथ ही ब्लड सेंटर का संचालन अधिक कुशल, सुव्यवस्थित और निरंतर निगरानी में रहे। इस बड़ी मान्यता से अब ब्लड सेंटर में और सुविधाएं बढ़ाने का वातावरण बनेगा बल्कि इस अस्पताल और विश्वसनीयता और बढ़ जाएगी, जिससे ट्विनसिटी सहित अंचल के रक्तदाता रक्तदान



के लिए अधिक प्रेरित होंगे। चिकित्सकों के मुताबिक स्वैच्छिक रक्तदान बढ़ने से अधिक लाइव सेविंग हो सकेगी। इस उपलब्धि से ट्रांसप्यूजन मेडीसीन के क्षेत्र में गुणवत्ता और मरीज सुरक्षा के प्रति इस अस्पताल व आरसी ब्लड सेंटर की भूमिका बढ़ जाएगी। अनुमोदन बाद अब यह ब्लड सेंटर अब देशभर के 4200 ब्लड बैंकों में से चुनिंदा 100 मान्यता प्राप्त केंद्रों में शामिल हो गया है।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने किया संभव

.यह सफलता कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डां. एम रविंद्रनाथ और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. विनीता द्विवेदी, डां. के ठाकुर, डां. सौरभ मुखर्जी और डां. उदय कुमार के योगदान से संभव हुई। इस परियोजना का कानूनी निष्पादन और प्रलेखन डॉ. दीपक कुमार दासमोहपात्रा द्वारा किया गया। एमओयू तैयार कर एनएबीएच पोर्टल पर आवश्यक विवरण अपलोड किया। संपूर्ण प्रक्रिया एसीएमओ डॉ. निली एस. कुजूर एवं कंसल्टेंट डॉ. दासमोहपात्रा, डॉ. अनिरुद्ध मेने और क्यूएमडी टीम की मदद से पूरी की गई। 20-21 जून को मूल्यांकनकर्ताओं डॉ. भरत सिंह और डॉ .प्रसून भट्टाचार्य द्वारा अंतिम मूल्यांकन किया गया और सभी गैर-अनुपालनों के समाधान के बाद 11 अगस्त को मान्यता के लिए अनुमोदन किया गया।

### वैज्ञानिक प्रक्रिया की करता है पुष्टि एनबीएच

एनएबीएच भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) का एक घटक बोर्ड है, जो स्वास्थ्य सेवा संगठनों के लिए गुणवत्ता और सुरक्षा के कठोर मानक निर्धारित करता है। मान्यता इस बात की पुष्टि करती है कि सभी प्रक्रियाएँ वैज्ञानिक रूप से मान्य और मानक दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी की जा रही हैं। इसमें दाताओं के स्वास्थ्य और पात्रता की जाँच कर उनकी स्क्रीनिंग करना, रक्त संग्रह की प्रत्येक प्रक्रिया में उचित प्रोटोकॉल का पालन करना, दान किए गए रक्त को पैक्ड रेड ब्लड सेल्स, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा और प्लेटलेट्स आदि विभिन्न घटकों में संसाधित करना, संक्रामक रोगों की पहचान के लिए व्यापक परीक्षण करना तथा रक्त के सुरक्षित भंडारण और समय पर वितरण के लिए उपयुक्त परिस्थितियाँ बनाए रखना शामिल है।

# म्यूल खाते में लाखों का ऑनलाइन ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

म्यूल खाते में लाखों रुपए ट्रांजेक्शन करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से जानकारी मिली कि एकनालेजमेंट के म्यूल एकाउंट नंबर के आईडीएफएसी बैंक उतई दुर्ग खाता धारक मयूर पार्क के पास, वार्ड 21, मदर टेरेसा नगर, केम्प 02 छावनी निवासी एम. पकंज नामक व्यक्ति पहचान दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड देकर बैंक शाखा उतई में खाता खुलवाया है। उक्त खाता में आनलाईन ठगी की रकम बेईमानी तरीके से अवैद्य धन लाभ अर्जित किया। उक्त खाते मे ट्रांजेक्शन चेक करने पर अवैद्य रूप से 23 जुलाई को 16 लाख , 19 जुलाई 5 लाख, 21 जुलाई 8 लाख, 20 जुलाई 50 हजार रूपए धन अर्जित किया। सायबर आनलाईन ठगी की रकम अपने बैंक खाता के माध्यम से एम पंकज ने ट्रांजेक्शन अपने परिचित के व्यक्ति राजू बाघ के



■ आईडीएफएसी बैंक उतई का मामला, ऑनलाइन ठगी

साथ मिलकर दिल्ली निवासी अन्य दो युवकों के साथ मिलकर व अपने आईडीएफएसी बैंक खाता को उपलब्ध कराकर ठगी किया। राजू बाघ के द्वारा ट्रांजेक्शन की रकम खाता धारक द्वारा अपने बैंक खाता में प्राप्त करने के एवज में खाता धारक को 20 हजार रुपये एसबीआई खाता से प्राप्त किया। आरोपी एम. पकंज की पता तलाश कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त कार्रवाई में उतई के निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान है।

### राधिका नगर में सियान सदन के लिए हुआ भूमिपूजन



**भिलाई ।** वार्ड 7 राधिका नगर में सियान सदन के निर्माण के लिए नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा के पार्षद निधि से भूमि पूजन रविवार को संपन्न हुआ। वार्ड पार्षद व नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा मुख्य अतिथि भाजपा की दिव्या भसीन विशेष अतिथि थीं। सिन्हा ने कहा कि सियान सदन का भवन हमारे बुजुर्गों के सम्मान, सेवा और संरक्षण का प्रतीक बनेगा। यह सदन न केवल ईंट-पत्थरों से निर्मित एक ढांचा है, बल्कि इसमें हमारे संस्कार, श्रद्धा और समर्पण की भावना भी जुड़ी होगी। इस अवसर पेवर ब्लाक के लिए भी भूमिपूज हुआ। अतिथि कन्हैया सोनी रमेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ कल्याण के अध्यक्ष,फुलमालीसेहगल , सुरेश सिंह, सुरेश सर , शैलेन्द्र सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# चयनित हितग्राहियों को जल्द मिलेगा पीएम आवास, 30 मकानों का कार्य लगभग पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर अंतर्गत कुरूद गोकुल नगर में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास, बायो गैस स्थापना हेतु चयनित स्थल एवं कुरूद स्थित न्यू एस.एल.आर.एम. सेंटर के आस-पास प्लांटेशन का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया।कुरूद गोकुल नगर में पीएम आवास योजना अंतर्गत वंदे मातरम में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण आयुक्त पाण्डेय एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा द्वारा किया गया। पीएम आवास योजनांतर्गत लाटरी में चयनित हितग्राहियों को अविलंब आवास उपलब्ध कराने के उददेश्य से आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया है। उपस्थित निर्माणकर्ता एजेंसी को चरणबद्व काम करने के लिए निर्देशित किया गया है, जिससे चयनित हितग्राहियों को तीन दिवस के अंदर मकान सुपुर्द किया जा सके। 30 मकानों का कार्य लगभग पूर्णतः की स्थिति में है।



### बायोगैस प्लांट कार्य जल्द होगा शुरू

गोकुल नगर से निकलने वाले गोबर के सदुपयोग हेतु बायो गैस प्लांट स्थापना किया जाना है, जिसके लिए रूचि की अभिव्यक्ति आफर जारी की जा चुकी है। आयुक्त द्वारा कार्यपालन अभियंता सह भवन अधिकारी के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया हैं। जिससे बायो गैस प्लांट की स्थापना का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। कुरूद मुक्तिधाम के पास एस.एल.आर.एम. सेंटर निर्मित है। वहां वृक्षारोपण किया गया है, जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के साथ किया गया। रिक्त स्थल में मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र की हरियाली बढ़ाने एवं मिनी फारेस्ट बनाने में सहयोग मिलेगा। मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण का मुख्य उददेश्य कम क्षेत्रफल में सघन पौधो का रोपण कर मानव के साथ-साथ जीव जन्तुओ एवं पशु पक्षियों हेतु एक अनुकुल वातावरण एवं माहौल निर्माण करना होता है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता दीपक देवांगन, एजेंसी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ओए ने बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अगस्त में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा और उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया गया। सेफी चेयरमेन और ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर,महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष नीतेश छत्री, सचिव संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे।

इस अवसर पर सुबिद कुमार डे, जीएम इंचार्ज, डां. गिरीश उमरेडकर, एडिशनल सीएमओ, जयन्त कुमार घोष, एजीएम निरंजन मधुकर मुले, रवि विक्रम अग्रवाल, सीनियर मैनेजर के श्रीरंगा, राजेंद्र कुमार सिंह, मैनेजर ब्रिजेश कुमार अग्रवाल, डिप्टी



मैनेजर चंद्रकांत गुप्ता, असिस्टेंट मैनेजर का पौधे एवं सम्मान राशि प्रदान कर किया सम्मानित सम्मान समारोह में उपस्थित अधिकारियों तथा उनकी पत्नियों का ओए द्वारा पौधे एवं सम्मान राशि देकर सम्मान किया गया। सेवानिवृतों ने अनुभवों को साझा किया।

### भेंट किए पौधे व सम्मान राशि

श्री बंछोर ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जो उपलब्धियां हासिल किया गया है उन उपलब्धियां को हासिल करने में कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। सर्वोच्च न्यायालय के 4 नवम्बर 2022 के फैसले के अनुरूप कार्मिकों को हायर पेंशन दिया जाना चाहिए था। ईपीएफओ द्वारा जारी मनमाने परिपत्रों में गलत तरीके से व्याख्या कर लोगों को हायर पेंशन से वंचित करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है ,जो कि न्यायसंगत नहीं है किया। परविन्दर सिंह सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा अपने सेवाकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि राकेश सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर ओए जोनल प्रतिनिधि रेमी थामस, राकेश सिंह ठाकुर, राधाकिशुन, डीपीएस बरार, अमित कुमार सिन्हा, संतोष सिंह, मिलिंद बंसोड़, एमएआर शरीफ, जी एस कुमार, डीपीएस बरार, प्रदीप मेनन, अजय चौरसिया, विजय कुमार देशमुख, राजेन्द्र मंत्री, एवं एक्स ओए के महासचिव जे बी पाटिल सहित अधिकारी उपस्थित थे।

# शराब के नशे में बस चलाकर डाली 35 यात्रियों की जान जोखिम में



### पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शराब पीकर बस चालने वाले चालक के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। रायपुर से डोंगरगढ़ की ओर जा रही यात्री बस सीजी 23पी 7866 को ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने देखा कि उसका ड्राइवर बस को लहरा कर चला रहा है। पुलिस ने बस को रुकवाया और उसकी जांच की। जांच करने के दौरान जब चाल का ब्रीथ एनालाइजर परीक्षण किया गया तो पता चला कि चालक शराब के नशे में था। चालक का राजू लाल निवासी पाटन बताया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने बस के मालिक मोहम्मद तौकिर निवासी गांधी नगर कालीबाड़ी रायपुर को फोन लगाया। उसे बताया गया कि उसकी बस में 30 से 35 यात्री सवार हैं और उसका चालक शराब के नशे में है। इसके बाद बस को ट्रैफिक कार्यालय, नेहरू नगर लाया गया और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही साथ वाहन को जब्त किया गया और प्रकरण को न्यालय में पेश किया गया। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा का कहना है कि यह कार्रवाई ऑपरेशन सुरक्षा के अंतर्गत सड़क पर मानव जीवन की रक्षा और सुरक्षित व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में ठोस कदम है। किसी भी परिस्थिति में नशे की हालत में वाहन चलाना गैरकानूनी है। यदि ऐसा करते कोई भी पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## आईएमए छग और हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया की बैठक में दी जानकारी

# निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना का बकाया 505 करोड़ आवंटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आईएमए छत्तीसगढ़ और हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ की राज्य स्तरीय बैठक भिलाई में आयोजित की गई। जिसमें आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रभात पांडे और सचिव डॉ नीरज शर्मा, डॉ विनोद तिवारी सह अध्यक्ष आईएमए नई दिल्ली, डॉ.सुरेंद्र शुक्ला चेयरमैन, हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया छत्तीसगढ, डॉ. नितिन जुनेजा सचिव तथा राज्य एवं जिला शाखा के लगभग 100 प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में आयुष्मान योजना के सम्बन्ध पर चर्चा की गई। डॉ. सुरेंद्र शुक्ला चेयरमैन द्वारा यह सूचित किया गया कि मंत्री की पहल द्वारा 375 करोड़ जारी कर दिए गए है। स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा आज यह भी सूचना दी है कि इसके अतिरिक्त 130 करोड़ भी केंद्र से आबंटित कर दिए गए है जो सितंबर के पहले सप्ताह में विभाग को मिल जाएंगे। इस प्रकार लगभग 505 करोड़ रुपये प्राइवेट अस्पतालों के लगभग पूर्ण बकाया हेतु उपलब्ध हो जाएंगे।





### अनुपूरक बजट में अतिरिक्त प्रावधान भी हो

सदस्यों ने शासन से इस योजना के अनुपूरक वार्षिक बजट हेतु 1500 करोड़ अतिरिक्त प्रावधान हेतु उचित कार्यवाही करने का निवेदन किया है ताकि योजना में निरंतरता बनी रहे क्योंकि प्रतिमाह 200 से 250 करोड़ की आवश्यकता योजना हेतु है। योजना से संबंधित सभी समस्याओं की चर्चा हेतु शासन और आईएमए एवं अस्पतालों की एक परिचर्चा सितंबर माह में आयोजित की जाएगी। राज्य एवं जिला शाखा के प्रतिनिधियों ने शासन का मरीजों के हितों में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया है तथा इस सम्बन्ध मे एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र शासन में मुलाकात कर विस्तृत चर्चा करेगा।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04

सिंपल से लहरिया सूट से में भी आप पा सकती हैं पार्टी वाला लुक

● ब्रजमंडल भिलाई के गीताभवन सेक्टर-6 में हुआ आयोजन, महाआरती में शामिल हुए भक्त

# राधा अष्टमी पर सोहर गीत गाकर दी बधाई, बच्चों के शानदार नृत्यों की प्रस्तुति ने मोहा मन, किया नाट्य मंचन

**भिलाई।** ब्रजमंडल भिलाई के गीताभवन सेक्टर 6 स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में सकल ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी राधारानी का जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस अवसर पर महिलाओं की भजन मंडली द्वारा राधा रानी के जन्म पर बधाई गीत और सोहर लोकगीत सहित सुमधुर ब्रज के भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों के दौरान उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं उल्लास पूर्वक झूमते हुए ढोलक की थाप पर नृत्य करने लगी। राधाष्टमी पर राधा रानी का अभिषेक कर सामूहिक रुप से महाआरती की। राधा अष्टमी के अवसर पर सुबह मंदिर के पुजारी पं सुनील द्वीवेदी द्वारा युगल सरकार को विशेष सुगंधित पदार्थों, पुष्पों और घी, दूध, दही, शहद व गंगा जल मिश्रित पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया। दोपहर बारह बजे के बाद राधा रानी की महाआरती उपस्थित भक्तों द्वारा सामुहिक रूप से की गई। भगवान कृष्ण का जन्म मध्यरात्रि को और राधा रानी का अवतरण दोपहर बारह बजे हुआ था।







### बच्चों को किया प्रोत्साहित

मुख्य अतिथि विपिन गिरी, स्मिता गिरी, राकेश यदुवंशी, भावना तोमर द्वारा मंचपूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन विरेन्द्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर ब्रजमंडल भिलाई महिला समिति की महासचिव सूरज मंगला उपस्थित रही। अंत में श्रद्धालुओं प्रसादी ग्रहण किया।

### नन्हे बच्चों ने राधा रानी बन दी प्रस्तुति

राधा अष्टमी पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ब्रजमंडल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान छोटे बच्चे राधारानी की वेशभूषा में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। वेणु नाग की टीम ने आकर्षक नृत्य और टी.एस. सुनयना के बच्चों ने गणेश वंदना पर मनमोहक प्रस्तुति दी। भगवान कृष्ण के जीवनकाल को चार विभिन्न चरणों में नृत्य नाटिका द्वारा 25 छोटे बच्चे और बड़े बच्चों ने मंत्रमुग्ध करने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों से वाहवाही बटोरी। अनुराधा मंगल, बंसल और भूमि वर्मा सहित अन्य स्थानीय कलाकारों ने भी प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।



## श्यामाश्याम धाम मंदिर में राधा अष्टमी पर धूमधाम से संकीर्तन



**भिलाई।** श्यामाश्याम धाम मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्यामाश्याम धाम मंदिर लोकनगर उमरपोटी में श्री राधा अष्टमी धूमधाम से मनाई गई। जगत गुरु कृपालु जी महराज के सत्संगियों द्वारा संकीर्तन किया गया। श्रीराधा रानी की संकीर्तन में महिलाओं ने झूमकर उत्सव मनाया। सुबह 9 बजे श्री राधा रानी की आरती के साथ संकीर्तन प्रारंभ हुआ जो दोपहर 12 बजे तक चला। उसके बाद श्रीराधा रानी का प्रकटोत्सव मनाया गया। इस मौके पर श्री राधा रानी के जयकारे के बीच 56 भोग अर्पित किए गए। केक भी कांटे गए। इस दौरान महिलाओं की टोली ने सोहर गीत गाए। न्योछावर भी हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीराधा अष्टमी पर विशेष पूजा अर्चना भी की। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की भांति मंदिर ट्रस्ट ने यहां आयोजन किया। राधारानी की महाआरती की गई। भोग भंडारा भी चला।



## दिन छठवां

### साधन चाहे सीमित हो, लेकिन संकल्प दृढ़ हो तो कोई कार्य असंभव नहीं

**भिलाई।** भगवान गणेश को एकदंत कहा जाता है। उनका टूटा हुआ एक दांत केवल शारीरिक विशेषता नहीं, बल्कि गहन जीवन-दर्शन है। यह हमें सिखाता है कि सफलता केवल बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि भीतर के संकल्प और धैर्य से प्राप्त होती है। गणेश का एकदंत अमूल्य शिक्षा देता है, साधन चाहे सीमित हों, संकल्प दृढ़ हो तो कोई कार्य असंभव नहीं। शिकायतें करने वाले पीछे रह जाते हैं, समाधान खोजने वाले इतिहास बनाते हैं। सफलता का रहस्य यही है- साधन नहीं, संकल्प चाहिए। जीवन में अक्सर हमें यह भ्रम रहता है कि साधन होंगे तो ही सफलता मिलेगी। परंतु गणेश का एकदंत रूप यह संदेश देता है कि यदि संकल्प महान हो, तो सीमित साधन भी सफलता का आधार बन जाते हैं।





■ एकदंत जीवन की सफलता साधन पर नहीं, साधना पर टिकी होती है

**दाँत बनी कलम :** वैदिक विद्वान डॉ अजय आर्य ने महाभारत का प्रसंग के बारे में बताया कि महर्षि व्यास ने महाभारत की रचना का संकल्प किया और गणेशजी को लेखक चुना। शर्त यह थी कि व्यास बिना रुके बोलेंगे और गणेश बिना रुके लिखेंगे। लेखन आरंभ हुआ, पर बीच में गणेश की लेखनी टूट गई। वे रुक सकते थे, नए साधन जुटाने का इंतजार कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने तुरंत अपना एक दांत तोड़कर कलम बना लिया और लिखते रहे। आज महाभारत केवल भारत ही नहीं, विश्व की महानतम कृतियों में गिनी जाती है। यह प्रसंग सिखाता है कि साधन नहीं, संकल्प ही सफलता की असली शक्ति है।

जीवन प्रबंधन का सूत्र सिखाता है कि यदि कलम न हो तो पेंसिल से लिखो। वो न मिले तो चॉक से, ये भी न मिलसे मिट्टी पर लकीर खींचो यानी जो साधन उपलब्ध हैं, उनका सर्वोत्तम उपयोग करना ही सफलता का मार्ग है। यही गणेश के एकदंत का संदेश है। वैदिक दृष्टि कोण से सभी सिद्धियां संकल्प पर आधारित हैं। यदि संकल्प दृढ़ है तो साधन स्वयं साधना बन जाते हैं। महान कार्य संकल्प से पूरे होते हैं, साधनों से नहीं। तुलसीदास और तानसेन ने साधना और संकल्प से अमर कृतियाँ रचीं। यानी भीतर संकल्प हो तो बाहरी साधन अपने आप मार्ग बना लेते हैं।

## सिटी इवेंट

### पंथी जगत के पांच सौ कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति, मिला सम्मान




**भिलाई।** सतनामी आश्रम कसारीडीह दुर्ग में पंथी साहित्य विकास समिति एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में पंथी जगत के गुरु अंतर्राष्ट्रीय पंथी नर्तक स्व देवदास बंजारे की पुण्यतिथि पर जिला स्तर में नृत्य प्रतियोगिता कर मनाया गया। जिसमें लगभग पांच सौ कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में स्व देवदास बंजारे के पुत्र दिलीप बंजारे, चंद्रशेखर बंजारे अध्यक्ष सतनामी आश्रम दुर्ग, मंजू कुर्रे पूर्व उपाध्यक्ष सतनाम भवन सेक्टर 6, पद्मश्री डॉ उषा बारले, परदेशी राम वर्मा, पुरानीक चेलक, उषा देशलहरे प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

■ सुरता देवदास बंजारे स्मृति दिवस पर कार्यक्रम

स्मृति दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह और पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करने के बाद वरिष्ठ पंथी कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में पांच सौ कलाकारों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी ने एक से बढ़कर एक सुन्दर प्रस्तुति भी दी। जिसमें प्रथम पुरस्कार शेरगढ़ खैरागढ़, द्वितीय पेण्ड्रीतराई बेरला, तृतीय बोड़ेगाव नंदकट्टी दुर्ग सहित अन्य पंथी दलों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य मोहनदास चतुर्वेदी, गौकरण बघेल, संजय गायकवाड़, सरोज बाला, शांता सोनवानी, देवेंद्र चतुर्वेदी, कैलाश, विनोद, पंकज, देव महंते, ऋषि, राजु,राजेश, राजा, पिंटू,संजीत आदि मौजूद थे।

### रोजगार कैरियर मार्गदर्शन पर दिए टिप्स



**भिलाई।** रोजगार कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग के उरला किया गया। जहां विद्यार्थियों को जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार से संबंधित आवश्यक जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रोजगार उपसंचालक वी.के केड़िया ने अनुशासन, रुचि, वातावरण व जीवनचर्या के संबंधित कई सरल-सहज उदाहरण बताकर विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्या अरुणा रेड्डी ने भी हर संभव सहयोग करने की बातें कही। कार्यक्रम संयोजक संगठन हंसराज नवयुवक मंडल के अध्यक्ष जयवर्धन, रोजगार कार्यालय से ईश्वर प्रसाद, दुलेश्वर साहू, हलधर नेताम भी उपस्थित रहें। विद्यार्थियों ने काफी शांतिपूर्ण वातावरण में गंभीरता से आवश्यक जानकारियां प्राप्त की।

## चौबीसी पूजन विधान शुरू, रोज हो रहे अभिषेक, शांति धारा और सामूहिक आरती

**दुर्ग।** श्री दिगंबर जैन मंदिर हाउसिंग बोर्ड में पर्व राज दसलक्षण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान रोज सुबह से मंदिर में पूजन, अभिषेक, शांति धारा और सामूहिक आरती की जा रही है।

मंदिर में विराजित 24 तीर्थंकर भगवान का तीन दिवसीय चौबीसी पूजन विधान प्रारंभ हुआ। विधान में प्रतिदिन 8 तीर्थंकर भगवानों का पूजन अभिषेक शांति धारा संपन्न कराया जायेगा। जिसके बाद दशमी तिथि 2 सितंबर को सुगंध दशमी मनाई जाएगी। समिति के सदस्य संजय बोहरा ने बाताया कि जैन आगम शास्त्रों में सुगंध दशमी पर्व की अपनी एक विशेषता और धार्मिक परंपरा है। इस दिवस प्रत्येक स्वाधार में सदस्य शाम के पहले मंदिर में धूप निछावर कर धूप



का दान करते हैं जो मंगल स्वस्थ और स्वास्थ्य का प्रतीक होता है। जिनेंद्र देव से बीमारी और रोगो दूर करने की कामना करके वातावरण को शुद्ध करते हैं। इस आयोजन के विधान के पंडित अक्षय जैन शास्त्री है। इस दौरान मंदिर समिति के रमेश बाकलीवाल, नवीन कुमार जैन, सिंघई विनोद जैन, जितेंद्र, अनिल जैन, विजय जैन सहित अन्य सामाजिक जन धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## संस्कृत शिक्षक सम्मेलन 7 को शिक्षा मंत्री को दिया निमंत्रण



**भिलाई।** संस्कृत भारती दुर्ग के कार्यकर्ताओं ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से भेंट की और रायपुर में आयोजित होने वाले संस्कृत शिक्षक सम्मेलन का औपचारिक निमंत्रण उन्हें प्रदान किया। यह सम्मेलन 7 सितंबर को सरयू पारिण ब्राह्मण सभा संतोषी नगर रायपुर में आयोजित होगा। इसमें प्रदेश भर से हजारों संस्कृत शिक्षक भाग लेंगे और संस्कृत शिक्षा के विकास और प्रसार पर विचार-विमर्श करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि यह सम्मेलन संस्कृत शिक्षकों के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा और समाज में संस्कृत की प्रासंगिकता तथा सांस्कृतिक योगदान को नई दिशा देगा। इस अवसर पर मंत्री यादव ने संस्कृत भारती की पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्कृत भारत की सांस्कृतिक पहचान और ज्ञान-विज्ञान का शाश्वत स्त्रोत है। संस्कृत भारती का प्रतिनिधिमंडल इस भेंट के दौरान विशेष रूप से हेमन्त साहू, जैनेन्द्र दीवान, हरित वर्मा, ईश्वरी देवांगन, मीरा वर्मा, राजेश शास्त्री, दुर्गेश नंदनी उपस्थित थे।

श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

## धीमी साइकिल दौड़ में संतुलन, धैर्य और एकाग्रता का किया प्रदर्शन, फिट रहने शंकराथॉन में लगाई दौड़

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में शंकराथॉन का आयोजन किया गया था। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की याद में 29 से 31 अगस्त तक आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।आयोजन के अंतिम दिन रविवार को धीमी साइकिल दौड़ में विद्यार्थियों ने संतुलन, धैर्य और एकाग्रता का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान खेल और फिटनेस जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया।




### एक किमी किया पैदल मार्च

तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत फिटनेस की शपथ ग्रहण से हुई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे शारीरिक रूप से सक्रिय रहेंगे और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएंगे। दूसरे दिन शंकराथॉन के अंतर्गत 1 किमी पैदल मार्च आयोजित किया गया।जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान हर गली हर मैदान खेले सारा हिन्दुस्तान, "खेलें भी और खिलाएं भी के साथ स्वास्थ्य और एकता के नारे लगाए। आयोजन के तीसरे और अंतिम दिन हर्ष और खेल भावना से भरपूर धीमी साइकिल दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने संतुलन, धैर्य और एकाग्रता का शानदार प्रदर्शन किया। यूजीसी और एआईसीटीई दवरा आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, प्राध्यापक और कर्मचारी की सक्रिय भागीदारी रही।

### स्वस्थ जीवनशैली अपनाने सभी तैयार

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या, डॉ. अर्चना झा ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस केवल खेलों का उत्सव नहीं है, यह जीवन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का उत्सव है। शिक्षा, खेल और शारीरिक फिटनेस के बिना अधूरी है। आज शंकराथॉन और साइकिल दौड़ के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों ने यह दिखाया है कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल और फिटनेस को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने प्रोत्सहित किया। डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि खेल व्यक्तित्व, टीमवर्क और सहनशीलता का निर्माण करते हैं। शंकराथॉन केवल एक पैदल मार्च नहीं थी, बल्कि स्वास्थ्य और एकता की ओर एक प्रतीकात्मक यात्रा रही। खेल अधिकारी डॉ. वी. के. सिंह ने कहा कि शारीरिक फिटनेस उतनी ही जरूरी है जितनी कि शैक्षणिक उपलब्धि। धीमी साइकिल दौड़ जैसी गतिविधियां मनोरंजक होने के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए भी अनिवार्य हैं। आज विद्यार्थियों की भागीदारी देखकर लगा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही।



## सिटी इवेंट

# पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को दी गई विदाई



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में एक आयोजन में सोसाइटी के माह जुलाई और उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र और उपस्थित पदाधिकारियों ने सदस्य कर्मियों को शॉल-श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। इस दौरान रिटायर कर्मियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सोसाइटी को इन वरिष्ठ सदस्यों की बदौलत ही नई ऊंचाईंयां मिली और इसकी आर्थिक स्थिति समृद्ध हुई है। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों ने संस्था के साथ जुड़ी यादों को साझा किया।

■ सेक्टर-6 ने जुलाई माह के रिटायर कर्मियों को दी विदाई

इन रिटायर कर्मियों में पूर्णचंद्र बाघ, नीरज शुक्ला, रजनीश झांझी और अरुण पंडा, मो अकरम खान, दौलत राम, नंदकिशोर शर्मा, संजय दुबे, प्रमोद राय, उदयभान यादव, अशोक भगत, शैलेश कुमार, शिवप्रसाद पिल्लई, सोहनलाल, सत्यपाल सिंह, अशफाक अहमद, सुशील कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुदर्शन सिंह, पी एस साजी, सीताराम साहू, नीरज शुक्ला, जनक राम दीवान, मिलिंद देशपांडे, राजेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, रमेश सिंह, देवेंद्र सिंह, एम त्रिनाथ, मोहम्मद अली, रजनीश झांझी, के वेंकटेश्वरलू, जतन लाल दमाहे, प्रकाश दोनोडे, अरुण पंडा, राकेश, अर्जुन दास, चंद बाग, आत्मानंद भारती, लाल सिंह वर्मा, चुरामन लाल, खेमलाल ठाकुर, मनजीत, बसंत सिंह नेताम और डी. अपन्ना उपस्थित थे। इस अवसर पर संचालक मंडल की उपाध्यक्ष इंदरजीत कौर व अमिताभ वर्मा, सदस्य हरिराम यादव, जे के गहिने,विनोद कुमार वासनिक, कुलेश्वर चंद्राकर, नीरजा शर्मा और पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

● महाराष्ट्रीयन परिवारों के घरों में महालक्ष्मी की स्थापना, तीन दिनों तक घरों में उत्साह का माहौल

# गाजे-बाजे के साथ मायके पहुंचीं माता लक्ष्मी, तीन दिन खूब होगी आवभगत, आज लगेगा पारंपरिक व्यंजनों का भोग

**भिलाई।** दस दिवसीय श्री गणेशोत्सव पर्व के साथ ही महाराष्ट्रीयन व मराठा परिवारों में महालक्ष्मी पर्व की धूम है। गणेशोत्सव पर्व के दौरान महालक्ष्मी जी भगवान गणेश से मिलने तीन दिन के लिए मायके आती हैं। इस दौरान माता लक्ष्मी की खूब आवभगत की जाती है। रविवार को शुभ मुहूर्त में महाराष्ट्रीयन परिवारों के घरों में गाजे-बाजे के साथ महालक्ष्मी विराजित हुईं। रामनगर निवासी विजय लक्ष्मी और शोभा अरुड़कर ने बताया कि भादो मास की सप्तमी तिथि पर महाराष्ट्रीयन परिवार में महालक्ष्मी जी का आगमन होता है। मान्यता अनुसार माता महालक्ष्मी भगवान गणेश की बहन और वह अपने भाई गणेश से मिलने के लिए मायके आई हैं। आज सुबह शंख और घंटी की ध्वनी के साथ माता लक्ष्मी का भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद शुभ मुहूर्त में महालक्ष्मी का आह्वान कर स्थापना की गई। घर के बाहर रंगोली से चरण बनाकर महालक्ष्मी को घर में प्रवेश कराया गया। समाज के कई घरों में गौरी की प्रतिमाएं विराजित कर उन्हें साड़ी अर्पित कर साज-सज्जा की गई। हल्दी कुमकुम से पूजन कर आरती की गई।



### आज आंबिल और कढ़ी का लगेगा पारंपरिक भोग

शोभा, उज्जवला और माया ने बताया कि ढाई दिन के कार्यक्रम के अंतर्गत पहले दिन महालक्ष्मी का आगमन, दूसरे दिन उनका पारंपरिक भोजन रहता है। घर की महिलाएं 16 प्रकार की सब्जियां, चटनी और कई प्रकार के मिष्ठान बनाकर भोग लगाती हैं। आज दूसरे दिन माता का प्रिय व्यंजन आंबिल और कथली, पूरनपोली, कढ़ी, गुझिया आदि का भोग लगाया जाएगा।

### नवमी तिथि को ओली भरकर होगी विदाई

इसके बाद पूजन कर महिलाओं का हल्दी - कुमकुम का कार्यक्रम चलता है। नवमी तिथि के दिन विसर्जन यानी विदाई का कार्यक्रम होगा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत समाज के लोग उत्साह के साथ भाग लेते हैं। साथ ही जिन घरों में महालक्ष्मी का कार्यक्रम होता है, उस परिवार के सारे लोग घर में एकत्रित होते हैं और परिवार की सुख - समृद्धि के लिए माता लक्ष्मी से प्रार्थना करते हैं। इस पर्व को लेकर मराठा और महाराष्ट्रीयन परिवारों में एक माह पहले से तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। जिस प्रकार दीपावली की तैयारियां होती हैं, उसी प्रकार महालक्ष्मी पर्व की तैयारियां की जाती हैं।

### सुहागिनों से सोलह श्रृंगार

महिलाएं महालक्ष्मी का सुहागिनों की तरह सोलह श्रृंगार करती हैं। गोद भरी जाती है। साथ ही महिलाएं और अन्य स्वजन भी नए कपड़े पहनकर तैयार होकर महालक्ष्मी का पूजन करते हैं। परिवार वाले तन-मन-धन से महालक्ष्मी की सेवा करते हैं ताकि कोई कमी न रह जाए। विजयलक्ष्मी ने बताया कि हमारे यहां महालक्ष्मी के पूजन की परंपरा वर्षों पुरानी है। देवी की प्रतिमा के पीतल के मुखौटे हैं जो पीढ़ी दर पीढ़ी चले आ रहे हैं। अन्य परिवारों में भी अपनी-अपनी परंपराओं के अनुसार ही महालक्ष्मी का पूजन किया जाता है।



## सिटी इवेंट

# पारंपरिक खेलों को सहेजना जरूरी खिलाड़ियों को मिलेगा कबड्डी मैट



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महमरा में यंग स्टार कबड्डी ग्रुप द्वारा आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता की शुरुआत महावीर हनुमान की पूजा अर्चना कर फीता काटकर की गई। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह हमें अनुशासन, टीम वर्क और कड़ी मेहनत का महत्व सिखाता है खेल के माध्यम से हम अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।

विधायाक ने कहा कि अपनी पारम्परंपिक खेलो को सहेज कर रखने की आवश्यकता है कबड्डी मिट्टी का खेल है पहले हम लोग गिला मिट्टी जगह इस खेल को खेलते हैं समय के साथ परिवर्तन होता गया और आज मेट में खेल हो रहा है। आने वाले समय में आप लोगो को की सुविधा के लिए कबड्डी मैट मेरे तरफ़ से उपलब्ध रहेगा।विधायक ने खिलाड़ियों के लिए कबड्डी मैट की घोषणा किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी खेल भावना से खेले हार और जीत खेल का नियम है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच नर्मदा ठाकुर, उपसरपंच केवल निषाद, बूथ अध्यक्ष खेमलाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य विक्की मिश्रा, पूर्व सरपंच शिव निषाद, फगवा निषाद, पंचगण मनोज जांगड़े, अजय साहू, ललेश्वरी ठाकुर, ऊषा निषाद, सुखनंदन, अध्यक्ष नेमिश साहू, मनीष नेताम, हनीश नेताम, हरीश नेताम, कुलेश साहू, धनश्याम साहू, रवि साहू, मनीष निषाद, उमेश निषाद, सोनू साहू, लक्की निषाद, दीपेश निषाद, राहुल साहू, संजय नेताम, संदीप निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारीज़ सेक्टर 7 में होगा आयोजन

# चैतन्य देवियों की झांकी निर्माण का हुआ भूमिपूजन, मौन में रहकर किया योग



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने शारदीय नवरात्रि पर्व के लिए भव्य चैतन्य देवियों की झांकी निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को सेक्टर-7, सड़क-2 स्थित पीस ऑडिटोरियम परिसर में ब्रह्माकुमारी बहनों ने श्रीफल फोड़कर झांकी निर्माण का भूमिपूजन किया।

इस झांकी में ध्वनि और प्रकाश का सुंदर सामंजस्य देखने को मिलेगा, जिससे इसे और भी आकर्षक बनाया जाएगा।

यह झांकी अपनी अनूठी प्रस्तुति और शिव शक्तियों द्वारा जीवन में सकारात्मकता के प्रबुद्धाव के लिए जानी जाती है, जहाँ ब्रह्माकुमारी बहनें स्वयं चैतन्य देवियों का रूप धारण करती हैं। गहन तपस्या और राजयोग की सतत साधना के कारण वे जड़ मूर्तियों के समान अचल और अडोल दिखती हैं। श्रद्धालु इन चैतन्य देवियों के दर्शन से शांति और दिव्यता का अनुभव करते हैं। इस आध्यात्मिक वातावरण में कुछ पल बिताने से लोगों को एक अलौकिक दिव्य अनुभूति होती है।

भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका, ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने इस अवसर पर कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी के बाद अब शिव शक्तियों का आगमन होगा। उन्होंने सभी को इन शिव शक्तियों का आह्वान करने और अपने जीवन से बुराइयों, व्यर्थ



विचारों और व्यसनों को समाप्त करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। भूमिपूजन के दौरान सभी ब्रह्माकुमारी बहनों ने मौन में रहकर योग भी किया। भिलाई ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा चैतन्य देवियों की झांकी को प्रयागराज महाकुंभ, उज्जैन सिंहस्थ कुंभ और कोटा में सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया जा चुका है, जहाँ देश-विदेश से आए अनगिनत श्रद्धालुओं ने इसका दर्शन लाभ लेकर आयोजन की सराहना की है।

## आयोजन

# मैथिल ब्राह्मण महिला समिति का तीज मिलन कार्यक्रम



**भिलाई।** मैथिल ब्राह्मण महिला समिति का तीज मिलन कार्यक्रम उल्लास के साथ पारिवारिक माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को त्योहार की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक गीतों के साथ गेम्स आदि से खुशियां शेयर कीं। सेक्टर 7 में समाज की सदस्य राजश्री झा के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ रोचक व प्रेरक प्रसंगों,अंताक्षरी, और क्विज आदि गेम्स के साथ आयोजन को यादगार बनाया। कार्यक्रम में समाज की बुजुर्ग मालती मिश्रा, उर्मिला मिश्रा सहित अंजलि ठाकुर,ललिता चौधरी, पद्ममा झा, सुषमा झा, विद्या ठाकुर, भावना झा,जया झा, राजश्री झा के अलावा आशुतोष ठाकुर,बीके झा,ललित नारायण चौधरी, राजेंद्र झा, अशोक ठाकुर,धनेश मिश्रा, विमल शंकर झा आदि उपस्थित थे।

### जीवन निर्माण होना चाहिए शिक्षा का उद्देश्य : बिंदु

**उतई।** ग्राम पंचायत खोपली में मानस सुधा परिवार के नेतृत्व में शिक्षा में रामत्व विषय पर श्री राम कथा मासिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जनपद सदस्य बिंदु दिनेश देशलहर ने 'रामत्व' को शिक्षा के आदर्श रूप के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि श्रीराम केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, अपितु एक संपूर्ण शिक्षार्थी, एक आदर्श नागरिक और मर्यादित नेतृत्व के मूर्त स्वरूप हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जीविकोपार्जन नहीं, अपितु जीवन निर्माण होना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा, ने कहा कि भारतीय संस्कृति,धर्म और परंपराओं को समझते हुए, देश की सेवा के लिए तैयार रहें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उपसरपंच देवेंद्र भारती,ताराचंद साहू,धनीराम काकडे,रमेश वर्मा,ऋषि कुमार साहू,दलेश्वर साहू,राजेंद्र साहू,दिलीप साहू एवं आयोजक समिति के समस्त पदाधिकारीगण सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

# सेजस कुम्हारी को प्रथम व दूसरा पुरस्कार खुर्सीपार को मिला



**भिलाई।** गृह मंत्रालय, समग्र शिक्षा, राज्य साक्षरता मिशन एवं जिला शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यातायात सुरक्षा पर जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई । आयोजन पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। विद्यालय स्तर एवं विकासखंड स्तर से चयनित होकर जिला स्तर पर 9 टीम भाग लिए। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सेजेस कुम्हारी द्वितीय पुरस्कार सेजेस पंडित जवाहरलाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुर्सीपार एवं तृतीय पुरस्कार सेजस नगपुरा ने प्राप्त किया शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए प्रथम पुरस्कार के रूप में7000 द्वितीय पुरस्कार 5000 एवं तृतीय पुरस्कार3000 इसी तरह प्रत्येक भाग लेने वाले टीम को 2000 पुरस्कार दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, निर्णायक के रूप में यातायात विभाग के अधिकारी स्वयंसेवी संस्था से जोशी ,शिक्षाविद के रूप में डॉक्टर टिकरिया ,समग्र शिक्षा से जे मनोहरण ,संजय वर्मा, शुभ्रा वर्मा उपस्थित रहे। प्रीति गुप्ता प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया।

## लोभ और तृष्णा से दूर, पवित्रता और संतोष ही उत्तम शौच धर्म हैं : आर्यिका अक्षयमती

कार्नर न्यूज

# दशलक्षण पर्व पर कॉलेज के स्टूडेंट्स ने किया पूजन और अभिषेक, प्रवचन से सीखा जीवन जीने की कला

**भिलाई।** दशलक्षण पर्व पर नेहरू नगर दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को भगवान पुष्पदंत के मोक्ष कल्याणक की पूजा की गई। इस अवसर पर भगवान का महा मस्तकाभिषेक किया गया। इस दौरान विभिन्न शहरों से भिलाई में पढ़ने आये आईटीआई, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा विशेष पूजा की गई। जो अनुष्ठान को विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

जिसमें विश्वशांति के लिए शांतिधारा करने का सौभाग्य चेलना, प्रियंका मनीत जैन, ऋषभ - अदिति, श्रेयांश आकृति, कियांश जैन परिवार और आईआईटी भिलाई में अध्ययनरत इंजीनियर अक्षत, निश्चल, सुधांशु, अमूल, रिदम, श्रेय, अर्चित, सम्यक, नयन, अनिकेत जैन ने प्राप्त किया।



### मन और आत्मा की शुचिता जरूरी



आयोजन के चौथे दिन प्रवचनों में आर्यिका माता ने बताया कि उत्तम शौच धर्म का अर्थ है पवित्रता और संतोष। यह धर्म लोभ, लालच और तृष्णा का त्याग करने पर बल देता है। इसका उद्देश्य मन और आत्मा की शुचिता प्राप्त करना है, जो परम संतोष की ओर ले जाती है और व्यक्ति को सभी प्रकार की धन, भोग और आकांक्षाओं की अतृप्ति से मुक्त करती है। यह केवल बाहरी शरीर की नहीं, बल्कि आत्मा के परिणामों की आंतरिक पवित्रता है, जो लोभ के त्याग से आती है। धर्म के मार्ग पर चलते हुए, विचारों और आचरण में शुद्धता लाना ही उत्तम शौच है। इस अवसर पर सभी धार्मिक क्रियाएँ विधानाचार्य अनेकान्त जैन द्वारा संपन्न कराई गई। आचार्य विद्यासागर के पूजन में अरविन्द जैन, उज्ज्वल पाटनी, महावीर पाटनी परिवार ने विशेष अर्घ्य समर्पित किया। पूजन द्रव्य सामग्री आम्रपाली परिवार ने दिया।

### छात्रों ने किया अभिषेक और शांति धारा

रविवार की सुबह सभी आईआईटी भिलाई के छात्रो ने नेहरू नगर मंदिर पहुंचकर पूजन, अभिषेक, शांति धारा करते हुए उन्होंने संत शिरोमणि विद्यासागर महाराज की विशेष पूजा में स्थापना का अर्घ्य अर्पित किया। मंदिर समिति ने सभी 16 छात्रों के लिए जैन भवन में दोनो समय के लिए जैन सात्विक भोजन की निशुल्क व्यवस्था भी की। सात्विक भोजन ग्रहण कर बच्चों के चेहरों में खुशी दिखाई दी। समिति के उपाध्यक्ष रमेश नाहर ने भोजन शाला की पूरी व्यवस्था संभाली और छात्रों को मंदिर के नियम और अनुष्ठान की जानकारी दी। सभी छात्रों के लिए दशलक्षण पर्व तक निरंतर भोजन सेवा उपलब्ध रहेगी।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डूम्सडे में दिखेगा डेडपूल, कहानी में ट्विस्ट का खुलासा किया



रेनॉल्ड्स ने फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म में अब डेडपूल भी नजर आएगा पर एक ट्विस्ट है, जि स का खुलासा रयान रेनॉल्ड्स ने किया है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का फैंस इसके ऐलान के वक्त से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फैंस की एक्साइटमेंट तब और बढ़ गई थी, जब खबर आई कि इस फिल्म में 'डेडपूल' यानी रयान रेनॉल्ड्स भी नजर आएंगे। हालांकि, इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई थी। अब खुद रयान रेनॉल्ड्स ने कन्फर्म किया है कि 'एवेंजर्सः डूम्सटडे' में डेडपूल यानी वह नजर आएंगे, पर इसमें एक ट्विस्ट है।

रयान रेनॉल्ड्स ने हाल ही सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट किया। उन्होंने 'एवेंजर्स' का ए लिखा, जिसे डेडपूल स्टाइल की ग्राफिटी के साथ टैग किया। इसी को देख इंटरनेट पर सनसनी मच गई और चर्चा होने लगी कि 'एवेंजर्सः डूम्सेडे' में अब डेडपूल भी नजर आएगा। रयान रेनॉल्ड्स के इस पोस्ट पर चार दिन में 10 लाख से ज्यादा व्यूज और लाखों कमेंट्स आ चुके हैं। कमेंट्स में हर कोई रयान से पूछ रहा है कि क्या वह वाकई 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में नजर आएंगे? वहीं, हॉलीवुड के मीडिया ने कन्फर्म कर दिया है कि 'एवेंजर्सः डूम्स डे' में रयान रेनॉल्ड्स होंगे, पर ट्विस्ट ये है कि उनका डेडपूल का किरदार प्राइमरी एवेंजर्स टीम का हिस्सा नहीं होगा।

'एवेंजर्सः डूमससडे' फिल्म 'एवेंजर्सः एंडगेम' का सीक्वल है। मेकर्स ने हाल ही इस फिल्म की कास्ट का ऐलान किया था। इसमें थॉर यानी क्रिस हेम्सवर्थ के अलावा डॉक्टर स्ट्रेंज और लोकी जैसे किरदार होंगे, जो इसका अहम हिस्सा हैं।

### टॉलीवुड

## हर सीन पर बहस के बाद 'बाहुबली: द एपिक' हुई फाइनल, राजामौली ने किया खुलासा



'बाहुबलीः द बिगिनिंग' और 'बाहुबलीः द कन्क्लूजन' को मि ला क र ए स ए स राजामौली अब 'बाहुबलीः द एपिक' लेकर आने वाले हैं। हालांकि, यह इतना आसान नहीं था। अब राजामौली ने 'बाहुबलीः द एपिक के निर्माण में आई मुश्किलों के बारे में बात की है। निर्माता-निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली' दो भागों में रिलीज हुई थी। यह भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी और एपिक फिल्मों में से एक है। इन दोनों ही फिल्मों का एक-एक सीन लोगों को काफी पसंद है। अब राजामौली ने अपनी इन दोनों ही फिल्मों को मिलाकर एक फिल्म बनाई है जिसे नाम दिया है 'बाहुबलीः द एपिक'। हालांकि, दो फिल्मों को मिलाकर एक फिल्म बनाना राजामौली के लिए इतना आसान नहीं था। अब निर्देशक ने इसको लेकर सामने आई चुनौतियों के बारे में बात की है। 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' और 'बाहुबलीः द कन्क्लूजन' को मिलाकर 'बाहुबलीः द एपिक' बनाना राजामौली के लिए काफी मुश्किल भरा रहा। वजह है कि दोनों ही फिल्में उनकी ही हैं और दोनों ही फिल्में उनके दिल के काफी करीब भी हैं। ऐसे में 'बाहुबलीः द एपिक' को लेकर राजामौली का कहना है कि दो फिल्मों को एक ही भाग में बनाना कोई आसान काम नहीं है और इसके लिए टीम को कई त्याग करने पड़े। निर्देशक ने बताया कि बाहुबली का हर सीन और गाना मेरे लिए अनमोल है। अंतिम चुनाव करना आसान काम नहीं था और हम कई बहसों से गुजरे और कई दिनों तक गरमागरम बहस हुई। यह अब तक का सबसे कठिन सफर है क्योंकि यह तय करना मुश्किल था कि 'बाहुबलीः द एपिक' के अंतिम संस्करण से क्या हटाया जाए। बाहुबली के कुछ गाने हटा दिए गए।

### छॉलीवुड

## 'कौसल्या महामाई' में नजर आए सांसद बघेल, पारकर के गीतों पर झूम उठे



₹माता कौसल्या जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र 'कोसला' धाम (पामगढ़) के नाम से स्वर स म्रा ट ₹ दु का लू यादव₹ के स्वर में ₹ कौ स ल्या म हा मा ई ₹ एल्बम की रिलीज़ होते ही चर्चा में है। गीतकार दुर्गा प्रसाद पारकर के लिखे इस भक्ति गीत पर दुर्ग सांसद विजय बघेल भी माता भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं। इस एलबम के निर्माता निर्माता- कुलेश्वर प्रसाद निषाद,निर्देशक/संगीतकार उत्तम तिवारी, प्रेरणा स्त्रोत दुर्ग सांसद बघेल के साथ जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े हैं। गीतकार श्री पारकर ने बताया कि माता कौसल्या जन्म भूमि कोसला धाम जसगीत माता कौशल्य को समर्पित है। पिछले दिनों माता कौशल्या चिन्हारी सम्मान भी सांसद बघेल को प्रदान किया गया था। श्री पारकर इन दिनों माता कौशल्या की जन्मभूमि ग्राम कोसला को मान्यता दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। इस एलबम में सांसद विजय बघेल, कुलेश्वर प्रसाद निषाद, अरविन्द बसु और भरत राणा ने अभिनय किया है। इस एलबम में नृत्य निर्देशक/मेकअप-विलास राउत, कृष्णा,कैमरा/एडिटिंग-सुनील वर्मा,सह. कैमरा-धनेश वर्मा, पप्पू रजक और ड्रोन- अशोक प्रसाद हैं। श्री पारकर ने बताया कि इस एलबम को तैयार में करने में शिक्षाविद् डॉ शांति लाल कैवर्त्य एवम पामगढ़, जिला-जांजगीर के ग्राम कोसला के समस्त निवासियों का विशिष्ट योगदान है।

### लाइफ स्टाइल




इस साल के मेट गाला से लेकर वसंत/ग्रीष्म कैटवॉक शो तक, मोतियों का अपना कालातीत आकर्षण बना हुआ है और 2025 के आखिर तक ये नए और रोमांचक रूपों में सामने आते रहेगा। आर्ट गैलेरी एसट्रिड एंड मियू की संस्थापक कोनी नाम कहती हैं, ₹पिछले वर्षों में हैरी स्टाइल्स जैसे सितारों की बदौलत मोतियों का फैशन ज़बरदस्त तरीके से ट्रेंड हुआ है और ये आगे भी बना रहेंगा।

## मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल करें सही तरीके से

मेकअप करना हम सभी को बेहद पसंद होता है और इसके लिए हम आए दिन अपनी मेकअप वैनिटी में नए से नए प्रोडक्ट्स को शामिल करते रहते हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि मेकअप कई प्रकार के होते हैं, लेकिन इसी के साथ मेकअप को केवल चेहरे पर ही नहीं किया जाता है बल्कि इसे शरीर पर इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा इसलिए ताकि बॉडी का कलर भी चेहरे के साथ मिलता हुआ नजर आए।


वहीं मेकअप हाइलाइटर सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है और इसे चेहरे के अलावा आप शरीर के हाई पॉइंट्स पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं चेहरे के अलावा मेकअप हाइलाइटर को बॉडी के हाई पॉइंट्स पर इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे मेकअप से जुड़े कुछ टिप्स।

### मेकअप हाइलाइटर को पैरों पर कैसे करें इस्तेमाल

अगर आप शॉर्ट ड्रेस पहन रही हैं तो घुटने पर मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं आप चाहे तो घुटनों से लेकर पैरों तक में मेकअप कंटूरिंग कर फिर आप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप चाहे तो लिक्विड हाइलाइटर को मॉइस्चराइजर में मिक्स करके टांगों पर लगा सकती हैं।

### गर्दन पर मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कैसे करें?

चेहरे के हाई-पॉइंट्स के अलावा आप मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल गर्दन पर भी कर सकती हैं ताकि चेहरे का टोन गर्दन से आसानी से मैच कर जाये और आपका लुक खूबसूरत नजर आए। वहीं अगर आपकी गर्दन का कलर चेहरे से ज्यादा अलग है तो आप पहले कलर कंसीलर



का इस्तेमाल कर सकती हैं और चाहे तो कॉलर बॉन्स पर मेकअप कंटूरिंग कर सकती हैं।

### मेकअप हाइलाइटर को शोल्डर पर कैसे लगायें?

अगर आप स्लीवलेस या बोल्ड डिजाइन के कपड़े पहन रही हैं तो मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। चेहरे के अलावा आप मेकअप हाइलाइटर को शोल्डर के ऊपर लगा सकती हैं। इसके लिए आप पाउडर बेस्ड वाले मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। शोल्डर पर मेकअप हाइलाइटर को लगाने के लिए आप फ्लफी शेप के ब्लेंडिंग ब्रश का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## सिंपल से लहरिया सूट से में भी आप पा सकती हैं पार्टी वाला लुक



लेहरिया प्रिंट पारंपरिक भारतीय कला का एक बहुत ही खूबसूरत उदाहरण है और इसे राजस्थान और गुजरात में सबसे ज्यादा लोकप्रियता मिली हुई है। हालांकि, जैसे ही त्योहारों का मौसम आता है लेहरिया प्रिंट की साड़ी, लहंगे और सलवार सूट सभी में नई-नई वेराइटी देखने को मिलने लग जाती है। वैसे तो हम आपको साड़ी और लहंगे की पहले ही बहुत सारी डिजाइंस और वेराइटी दिखा चुके हैं। आज म आपको लेहरिया सलवार सूट सेट दिखाएंगे, जिसे आप छोटे-बड़े किसी भी अवसर पर पहन सकती हैं। साथ ही हम आपको इस तरह के सूट से को इस तरह से स्टाइल करना बताएंगे कि आपका सिंपल से से सिंपल सूट सेट भी स्टाइल करने पर खूबसूरत नजर आएगा और आपको बहुत अच्छा पार्टी लुक मिल जाएगा।





### सिमिट्रिकल लेहरिया सूट डिजाइंस

सिमिट्रिकल कुर्ती डिजाइन आजकल काफी ट्रेंड कर रहा है और इस तरह की कुर्तियों में लेहरिया प्रिंट बहुत ज्यादा अच्छा लगता है। आपको बाजार में इस तरह के सूट सेट में एक नहीं कई डिजाइंस मिल जाएंगे। आप इस तरह के सूट को किसी भी पार्टी में कैरी कर सकती हैं। आप चाहें तो इस तरह के सूट सेट के साथ हैवी दुपट्टा कैरी कर सकती हैं।

### लेहरिया सूट सेट की विशेषताएं और डिज़ाइन

लेहरिया एक विशेष प्रकार की छपाई तकनीक है जिसमें सूती या रेशमी कपड़े पर विभिन्न रंगों में लहराते हुए डिजाइन बनाए जाते हैं। इस तकनीक में कपड़े को रंगते समय उसके किनारों को लहराते हुए रंगा जाता है, जिससे कपड़े पर लहरिया का पैटर्न उभरता है। इस पैटर्न को महिलाए बहुत ज्यादा पसंद करती हैं और यह बहुत ही एथनिक लुक भी देता है।

## बेजान दिखने लगी है हाथ-पैर की त्वचा तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

इन दिनों कभी तो तेज धूप निकल रही है, कभी तेज बारिश हो रही है। बारिश के बाद होने वाली उमस की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस परेशानी का सीधा असर लोगों की त्वचा पर दिखाई दे रहा है। बदलते मौसम की वजह से ही त्वचा पर रूखापन नजर आने लगा है। इसके साथ ही चेहरा काफी डल लगने लगा है। ऐसे में वापस से ग्लो पाने के लिए आप या तो पार्लर जाकर स्किन ट्रीटमेंट करा सकते हैं या फिर कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर वापस निखरती हुई त्वचा पा सकते हैं। बहुत से लोग पार्लर जाकर पैसे खर्च करने से कतराते हैं। ऐसे में आज के लेख में हम आपको त्वचा की डलनेस कम करने के लिए कुछ घरेलू तरीके बताने जा रहे हैं ताकि आपको निखरती हुई त्वचा पाने के लिए ज्यादा रुपये खर्च करने की जरूरत ना पड़े।

### नींबू का रस और शहद

इस पैक से आपकी त्वचा में निखार दिखने लगेगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस एक कटोरी में एक चम्मच ताजा नींबू का रस



निचोड़ना है और उसमें बराबर मात्रा में शहद डालकर मिलाना है। इस पेस्ट को आधे घंटे के लिए त्वचा पर लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इससे चेहरे पर ब्राइटनेस आती है।

### दही और टमाटर

इन चीजों के इस्तेमाल से त्वचा की डलनेस काफी हद तक कम हो जाती है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक टमाटर लें और उसका छिलका निकाल दें। अब इसमें 1-2 टेबलस्पून ताजा दही डालकर इसका पेस्ट बनाएं। इसको आप प्रभावित जगहों पर लगाकर निखरती त्वचा पा सकते हैं।

## काजल लगाने से आंखों को हो सकता है नुकसान

मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं और इसके लिए हम आए दिन नए से नए मेकअप प्रोडक्ट्स को खरीदते भी हैं। बदलते ब्यूटी वर्ल्ड में आजकल आई मेकअप को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। वहीं रोजाना के लिए हो या किसी पार्टी में जाना हो, काजल लगाना हम सभी को काफी पसंद होता है। ऐसे में क्या आप जानते हैं कि इसे आंखों पर लगाने के कई नुकसान भी हो सकते हैं। तो आइये जानते हैं आंखों में काजल लगाने के नुकसान क्या हो सकते हैं और बताएंगे काजल से जुड़ी कुछ जरूरी बातें जो करेंगी आपकी आंखों को प्रोटेक्ट-

### हो सकता है इन्फेक्शन

वैसे तो आजकल मार्केट में बड़े-बड़े ब्रांड्स के काजल आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन जरूरी नहीं है कि इन्हें बनाते समय इस्तेमाल किए जाने वाली चीजें पूरी तरह से नेचुरल हो और आंखों के लिए सेफ हो। बल्कि इन काजल को बनाने के लिए कई तरह के केमिकल से भरी चीजों का इस्तेमाल किया जाता है, जो न केवल आपकी आंखों में बैक्टीरिया को पैदा कर सकता है। साथ ही, यह आपकी आंखों में कई तरह के इन्फेक्शन का इजाद भी जार सकता है।

### काजल को हटाना है जरूरी

अक्सर रात को घर आने के बाद हम मेकअप रिमूव करते हैं,



लेकिन सही तरीके से आंखों में लगे काजल को साफ नहीं करते हैं। बता दें कि रातभर काजल लगे रहने से आपकी आंखों के अंदर जा सकता है और कई तरह के आई इन्फेक्शन जैसे कंजंक्टिवाइटिस से आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। रात को सोने से पहले आप इअरबड्स की मदद से आंखों की वॉटरलाइन में लगे काजल को सही तरीके से साफ जरूर करें।

### बढ़ सकती है ड्राईनेस

डेली वियर के लिए हम अक्सर आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए काजल का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ज्यादा देर आंखों में काजल लगे रहने से यह ड्राईनेस पैदा कर सकता है। बता दें कि काजल में मौजूद केमिकल वॉटरलाइन में मौजूद स्किन ग्लांड्स को बंद कर देते हैं, जिससे यहां ऑयल का उत्पाद लगभग बंद हो जाता है और आंखें धीरे-धीरे ड्राई होने लगती है।

### कार्नर न्यूज

#### बेस्ट दिखने के लिए जरूरी है कि पैंट भी शानदार हो

## खास मौकों के लिए कौन सा फैब्रिक आपकी पैंट के लिए है बेस्ट, जानिए इन तरीकों से

पुरुषों के कपड़े ऐसे होते हैं, जिन पर बहुत ज्यादा प्रिंट या कलर के साथ प्रयोग नहीं किए जाते हैं लेकिन फिर भी इनमें उन्हें बेस्ट दिखना होता है। बात पैंट्स की हो तो आराम भी देखना होता है।

अब ऐसे में अगर फैब्रिक अच्छा होगा तो हर पैंट स्टाइल में इसे फिट बैठाना आसान हो जाएगा। इसलिए पुरुषों के पैंट के लिए कौन सा फैब्रिक है बेहतरीन? जानिए और अपने स्टाइल को एक नया आयाम दीजिए, जरूरी टिप्स ये रहे-

### फॉर्मल पैंट के लिए

आप फॉर्मल पैंट के लिए कौन सा फैब्रिक चुनते हैं। आप बस दिखने में सुंदर फैब्रिक खरीद लेते हैं। कीमत ज्यादा होती है तो आप और निश्चिंत हो जाते हैं। लेकिन अब फॉर्मल पैंट के लिए फैब्रिक लेते हुए कुछ बातें ध्यान रखें- कपड़ा ऐसा हो जिसमें रिंकल न पड़ें। हर मौसम के लिए सूटेबल हो।सर्दी के हिसाब से ही फैब्रिक लेना है तो पॉलियस्टर लीजिए। इसमें रिंकल भी नही होते हैं और ये वॉटर



रेसिस्टेंस भी होता है। लेकिन गर्मी में इसको पहनने से गर्मी लगती है।

### कैजुअल पैंट के लिए

कैजुअल पैंट के लिए फैब्रिक लेना है तो ऐसी पैंट होनी चाहिए जिसे कितनी भी देर पहनो, आराम रहे और स्टाइल भी मेनटेन रहे। जींस लेनी है तो इसको आमतौर पर भारी फैब्रिक से बनाया जाता है हालांकि ये आरामदायक भी होता है। जॉगर्स बेहद आरामदायक होते हैं इन्हें लिनेन या कॉटन फैब्रिक पर बनाया जाना चाहिए।

### कार्गो पैंट के लिए

कार्गो पैंट में बहुत सारा सामान रखने का विकल्प होता है साथ में ये स्टाइलिश भी लगते हैं। इसलिए इसके फैब्रिक को मजबूत भी होना चाहिए। कार्गो पैंट के लिए सिंथेटिक फैब्रिक सबसे अच्छा होता है क्योंकि ये ड्यूरेबल होता है। ब्लेंडेड फैब्रिक भी इसके लिए अच्छे रहते हैं जैसे पॉलिएस्टर/ कॉटन या कॉटन/नायलॉन ट्राउजर्स की लिए ट्राउजर्स ऐसे पैंट होते हैं जो फॉर्मल भी होते हैं और कैजुअल भी। इनको कई लोग ऑफिस में पहनना पसंद करते हैं तो कई हैंगआउट में। इनके लिए फैब्रिक लिनेन या कॉटन जैसा हो तो अच्छा रहता है। ये फॉर्मल और कैजुअल दोनों मौकों पर चल जाता है।

